



दैनिक
भोपाल की धड़कन
# सांध्य प्रकाश

वर्ष 54/ अंक 309/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 23 जून 2025 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in

अनुशासन एक ऐसा तरीक़ा है जो उसमे कामयाब हो गया वो हर कार्य में जीत सकता है।

सांध्यप्रकाश विशेष

## नए भाजपा अध्यक्ष को लेकर लग रहीं अटकलों के बीच संघ की बड़ी बैठक मोहन भागवत भी पहुंचेंगे दिल्ली

**नई दिल्ली।** भाजपा को नया अध्यक्ष कब मिलेगा, इस पर अटकलों का बाजार गर्म है। इन अटकलों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की एक बड़ी बैठक दिल्ली में बुलाई गई है। यह बैठक 4-6 जुलाई के बीच देश की राजधानी दिल्ली में होगी। इस बैठक में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी उपस्थित होंगे। वे इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए 28 जून को दिल्ली पहुंचेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने कहा है कि यह प्रतिवर्ष होने वाली एक बैठक है जिसमें अगले वर्ष संघ के कार्यों की एक रूपरेखा बनाई जाती है। संघ शिक्षा वर्ग की समाप्ति के बाद होने वाली इस बैठक में संघ प्रमुख के अगले वर्ष की यात्राओं पर भी विचार किया जाता है। संघ के दिल्ली मुख्यालय में होने वाली इस बैठक में सभी प्रान्त प्रचारक और क्षेत्र प्रचारक उपस्थित होंगे। संघ इस वर्ष अपना जन्मशताब्दी वर्ष भी मना रहा है। इसके हेतु भी पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रमों की एक रूपरेखा बनाई गई है। इस बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर भी विचार किया जाएगा। संघ शताब्दी वर्ष ( 2025-26) के कार्यक्रम आगामी विजयादशमी दो अक्तूबर 2025 से प्रारंभ होकर अगले वर्ष विजयादशमी 2026 तक चलेंगे। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के अलावा, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, सीआर मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, आलोक कुमार, अतुल लिमये सहित सभी अखिल भारतीय कार्य विभाग प्रमुख, सह प्रमुख एवं कार्यकारिणी के सदस्य बैठक में भाग लेने वाले हैं।




## अमित शाह का नारायणपुर दौरा रद्द, रायपुर में ही सुरक्षा बलों के कमांडर्स से करेंगे मुलाकात

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा के दूसरे दिन सोमवार को होने वाला नारायणपुर प्रवास रद्द कर दिया गया है। अब वे सुरक्षा बलों के कमांडर्स से रायपुर में ही मुलाकात करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दौरा अब बदले हुए कार्यक्रम के तहत जारी रहेगा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को गृह मंत्री को नारायणपुर जाना था, जहां उन्हें बीएसएफ के कैंप में जवानों से मुलाकात करनी थी और ग्रामीणों के साथ संवाद करना था। लेकिन अब इस दौरे को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया है। गृह मंत्री शाह को सुबह 11 बजे रायपुर से बीएसएफ हेलिकॉप्टर से नारायणपुर के लिए रवाना होना था। दोपहर 12.15 बजे इरकभट्टी स्थित बीएसएफ कैंप पहुंचना था, जिसके बाद वे सड़क मार्ग से नेल्लानार गांव जाकर स्थानीय ग्रामीणों से संवाद करने वाले थे। इसके बाद उनका दोपहर 1.45 बजे कैंप लौटकर जवानों के साथ भोजन और फिर 2.20 से 3.20 बजे तक जवानों से संवाद का कार्यक्रम तय था। शाम को रायपुर लौटने के बाद वे दिल्ली के लिए रवाना होने वाले थे। नए कार्यक्रम के मुताबिक, गृह मंत्री अब नारायणपुर की जगह रायपुर में ही रहेंगे और यहीं पर सुरक्षा बलों के वरिष्ठ कमांडर्स के साथ नक्सल विरोधी अभियानों को लेकर रणनीतिक बैठक करेंगे।




## संगठनात्मक शक्ति का स्वर्णिम अध्याय, भाजपा के 14 करोड़ से अधिक प्राथमिक सदस्य






**भोपाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता सुरेश पचौरी ने कहा, भाजपा ने 14 करोड़ से अधिक प्राथमिक सदस्यों के साथ एक अभूतपूर्व वैश्विक संगठनात्मक कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि भाजपा के प्रति देशवासियों के अमिट विश्वास, प्रधानमंत्री के निर्णायक नेतृत्व और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के संगठनात्मक कौशल का सशक्त प्रमाण है। भाजपा का प्रत्येक देवतुल्य कार्यकर्ता बूथ स्तर पर राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ सक्रिय है तथा अनुशासन, समर्पण और विचारधारा से जुड़ते हुए पार्टी को गतिशील बनाने हेतु लगा हुआ है! यह देवतुल्य कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत का ही परिणाम है । इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सम्पूर्ण भाजपा परिवार को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ।

## पहलगाम हमला- गिरफ्तार आरोपियों ने एक आतंकी पहचाना



**श्रीनगर।** पहलगाम हमले के तीन आतंकियों में से एक की पहचान हो गई है। रविवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी की गिरफ्त में आए दो आरोपियों ने बताया है कि हमला करने वाले तीन आतंकियों में से एक का नाम सुलेमान शाह है। बाकी दो पाकिस्तानी आतंकियों के नामों का खुलासा फिलहाल नहीं किया गया है।

### मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के संकल्प को किया साकार

# डॉ. मुखर्जी के बलिदान से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा : मोहन यादव

## राष्ट्रवादी विचारक भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित पुजारी थे मुखर्जीः वीडी शर्मा



राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया ऐलान भाजपा के 14 करोड़ सदस्य बने





**भोपाल।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को प्रदेश कार्यालय के सामने अरेरा मंडल, वार्ड क्रमांक 45 के बूथ क्रमांक 159 स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया। इसके पश्चात प्रदेश कार्यालय प्रांगण में स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे महानायक थे जो आजादी के पहले और बाद की विभीषिका को भांप लिया था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आजादी से पहले अंग्रेजों के बंगभंग करने की साजिश को भांपकर आंदोलन चला दिया था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि देश के लिए अपना बलिदान देने वाले ऐसे सपूत को श्रद्धांजलि देने हम यहां एकत्रित हुए हैं जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी है।

## डॉ. मुखर्जी ने आजादी के पहले व बाद की विभीषिका को भांप लिया था: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें संदेश देता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उन्होंने अपने जीवन की आहुति देकर देश की एकता और अखंडता की रक्षा की। ऐसे राष्ट्रनायक का स्मरण करना मात्र औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय चरित्र को सशक्त करने का माध्यम है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे महानायक थे जो आजादी के पहले और बाद की विभीषिका को भांप लिया था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आजादी से पहले अंग्रेजों के बंगभंग करने की साजिश को भांपकर आंदोलन चला दिया था। वहीं आजादी के बाद कश्मीर समस्या को भांपकर पूरे देश को आंदोनल किया और जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने बलिदान दे दिया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हमारे मोर मुकुट कश्मीर में ÷दो विधान, दो निशान, दो प्रधान का विरोध किया।

### डॉ. मुखर्जी के संकल्प आज हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत है विष्णुदत्त शर्मा


भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय इतिहास की एक ऐसी महान विभूति थे, जिनका जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और दृढ़ संकल्प का प्रतीक रहा है। वे केवल एक राजनीतिज्ञ ही नहीं, बल्कि एक विचारक, शिक्षाविद् और देशभक्त भी थे, जिनके संकल्प आज भी हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। आज ऐसे सपूत को श्रद्धांजलि देने हम यहां एकत्रित हुए हैं जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 हटाकर पार्टी के सकल्पों को पूरा किया है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में ÷दो विधान, दो निशान, दो प्रधान का विरोध करते हुए वलिदान दिया। हमारी पार्टी वलिदान के आधार पर बनी पार्टी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें संदेश देता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। देश के लिए अपना बलिदान देने वाले वीर महापुरूष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चरणों में आज मध्यप्रदेश भाजपा का हर कार्यकर्ता श्रद्धासुमन अर्पित करता है।

## बीच रास्ते से चेन्नई एयरपोर्ट लौटी लंदन जा रही ब्रिटिश एयरवेज फ्लाइट



**चेन्नई।** चेन्नई से लंदन जा रही ब्रिटिश एयरवेज की एक फ्लाइट को रविवार को बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ा। फ्लाइट को सुबह 05.35 आईएसटी पर उड़ान भरनी थी। लेकिन यह लगभग 40 मिनट की देरी से सुबह 06.24 पर 206 यात्रियों को लेकर रवाना हुई। जब विमान भारतीय हवाई क्षेत्र पार करके अरब सागर के ऊपर पहुंचा, तो पायलटों को पता चला कि ईरान ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। सूचना मिलने के बाद क्रू ने विमान को वापस मोड़ने का फैसला किया। उन्होंने चेन्नई एयर ट्रैफिक कंट्रोल को इसकी जानकारी दी। विमान सुबह 08.50 पर सुरक्षित रूप से उतरा और 09.20 तक उसे पार्किंग बे में ले जाया गया। ब्रिटिश एयरवेज ने इस बात की पुष्टि की है कि ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने की वजह से विमान को चेन्नई लौटना पड़ा। ब्रिटिश एयरवेज ने कहा, ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण विमान चेन्नई लौट आया। यात्रियों को विमान से उतारा गया और टर्मिनल में नाश्ता दिया गया। एयरपोर्ट के सूत्रों ने बताया कि विमान में ईंधन भरा गया और यह लगभग 10.30 बजे फिर से रवाना किया गया।

## बाजार धड़ाम, 15 मिनट में निवेशकों को 3 लाख करोड़ का नुकसान



**नई दिल्ली/ मुंबई।** कमजोर वैश्विक संकेतों और व्यापक बिकवाली के बीच भारतीय शेयर मार्केट ने सोमवार को शुरुआती कारोबार में भारी नुकसान देखा। सेंसेक्स 900 अंक से अधिक गिरकर 81,488 के स्तर तक पहुंच गया, जबकि निफ्टी 50 भी 24,850 के नीचे आ गया। आज सेंसेक्स ने पिछले बंद स्तर 82,408.17 के मुकाबले 81,704.07 पर कमजोर शुरुआत की और दिन के सबसे निचले स्तर 81,488.54 पर पहुंच गया यानी 1% से अधिक की गिरावट।



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज दिल्ली में केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की।

## सपा ने 3 विधायकों को पार्टी से निकाला, अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और मनोज कुमार पर एक्शन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने तीन विधायकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सपा ने तीन विधायकों को पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने विधायक राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह और मनोज कुमार पांडेय पर कार्रवाई की है। समाजवादी पार्टी ने लंबे अरसे से भाजपा के पाले में नजर आ रहे अपने तीन विधायकों को औपचारिक तौर पर पार्टी से निकाल दिया है। इन विधायकों के नाम हैं मनोज पांडेय, अभय सिंह और राकेश प्रताप सिंह। पार्टी के अधिकारिक एक्स अकाउंट पर इसकी जानकारी दी गई है। सपा ने कहा है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के आरोपों में इन्हें निकाला जा रहा है। इसके साथ ही पोस्ट



के अंत में तंज कसते हुए लिखा गया है- जहां रहें, विश्वसनीय रहें। बता दें कि पिछले साल राज्यसभा चुनाव के दौरान सपा के इन विधायकों ने भाजपा का साथ दिया था।

## अनुपमा सीरियल के सेट पर लगी भीषण आग, वीडियो वायरल

**मुंबई।** गोरेगांव फिल्म सिटी में सोमवार सुबह लोकप्रिय टीवी सीरियल अनुपमा के सेट पर भीषण आग लग गई। यह घटना सुबह 6.10 बजे हुई, जब सेट पर लपटें उठने लगीं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मुंबई फायर ब्रिगेड ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चार दमकल गाड़ियां, चार जंबो टैंकर, एक सहायक प्रभागीय अग्निशमन अधिकारी और तीन स्टेशन अधिकारियों को



घटनास्थल पर भेजा। आग पर काबू पा लिया गया है और स्थिति सामान्य है। बीएमसी के अनुसार, आग दादा साहब फाल्के चित्रनगरी के पास मराठी बिग बॉस सेट के पीछे अनुपमा के टेंट संरचना में लगी थी।

### छतरपुर अपहरण मामले में सियासत, भाजपा का पलटवार

# आशीष अग्रवाल ने कहा- एक फेक न्यूज फैक्ट्री बन चुकी है कांग्रेस

**छतरपुर।** लवकुश नगर जिले के सुमेरी गाँव में शनिवार को हुई एक घटना में हथियार बंद और लाठी डंडों से लैस होकर आये बदमाशों ने एक व्यक्ति के घर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उसकी पत्नी और दो मासूम बच्चों का अपहरण कर लिया और बचाने आये पति पर गोली चला दी जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और अपहरण की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है उधर इस मामले में सियासत भी तेज हो गई है। घटना के बाद पुलिस तत्काल एक्शन में आई और एक नामजद आरोपी संजय सिंह राजपूत सहित कुल 9 आरोपियों पर मामला दर्ज कर तत्काल टीम रवाना की, पलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया साथ ही मुख्य आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया

### आशीष अग्रवाल का तंज, कांग्रेस को झूठ पर सियासत और ड्रामे से रेटिंग चाहिए



दर असल कांग्रेस के संगठन महामंत्री डॉ संजय कामले के हस्ताक्षर से जारी पत्र में इस घटना में घायल व्यक्ति की हत्या की बात कही गई है वहीं पाल समाज को अनुसूचित जाति का बताया गया है जबकि पाल समाज मध्य प्रदेश में एससी में नहीं आता, इसे लेकर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस पर पलटवार किया है, उन्होंने पर लिखा कांग्रेस अब सिर्फ़ एक पार्टी नहीं, एक फेक न्यूज फैक्ट्री बन चुकी है, जहां तथ्यों की कोई अहमियत नहीं, बस झूठ पर सियासत और ड्रामे से रेटिंग चाहिए।

और पांच आरोपियों को कुछ घंटे कुछ घंटों की मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया और खबर है कि पुलिस ने मुख्य आरोपी संजय सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अपहृत महिला और उसके दोनों मासूम बच्चों (बेटा-बेटी) को भी मुक्त करा लिया है।

**प्रदेश कांग्रेस ने गठित की चार सदस्यीय जाँच कमेटी :** उधर इस घटना के बाद इसपर सियासत भी शुरू हो गई, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाये और प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री डॉ मोहन यादव पर आरोप लगाये, इतना ही नहीं कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर घटना की जाँच के लिए अपनी पार्टी की चार सदस्यीय जाँच कमेटी गठित कर दी, कमेटी गठन की जानकारी देते हुए कांग्रेस ने जो पत्र जारी किया है उस पत्र में जो लिखा है उस पर भाजपा हमलावर है।

### कांग्रेस पर प्रदेश का माहौल खराब करने के प्रयास का आरोप

आशीष अग्रवाल ने लिखा ङ्क नेता जी, पहले सच्चाई जान लीजिए फिर माइक उठाइए, छतरपुर की जिस घटना पर कांग्रेस सियासी नौटंकी कर रही है, उसके तथ्य ये हैं कि, पीड़ित परिवार पाल समाज से है, पति की मृत्यु नहीं, बल्कि प्राणघातक हमला हुआ है और यह दो नहीं, एक ही घटना है, जिसे कांग्रेस ने तोड़-मरोड़ कर झूठ फैलाया कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व इतना अधीर है बिना जमीनी सच्चाई जाने, बिना स्थानीय नेताओं से समन्वय किए प्रदेश कांग्रेस ने बयानबाज़ी कर प्रदेश का माहौल खराब करने का प्रयास किया।

**15 दिन में कांग्रेस ने दूसरी बार अपनी किरकिरी करवाई :** प्रदेश मीडिया प्रभारी ने लिखा- यह पिछले 15 दिनों में दूसरी बार हुआ है, जब कांग्रेस खुद की किरकिरी करवा चुकी है। यह घटना निःसंदेह बेहद दुःखद है, लेकिन मदद में कोई देर नहीं हुई। खुजराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने फ़ौरन वीडियो कॉल के माध्यम से पीड़ित परिवार से संवाद किया। विधायक अरविंद पटेरिया खुद मौके पर पहुँचे और हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। पुलिस पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी ही शेष की तलाश कर रही है।

भाजपा सरकार ने भोपाल में विकास कार्यों का नया कीर्तिमान बनाया

# डेढ़ करोड़ से बैरागढ़ कलां में बनेगी सड़क और शेड, विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया भूमिपूजन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

रविवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने वार्ड 3 के बैरागढ़ कलाँ को बड़ी सौगात देते हुए लगभग 1.5 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। गौरतलब है की बैरागढ़ कलाँ की अवैध कॉलोनियों में रहवासी कई वर्षो से सड़क निर्माण न होने की वजह से परेशान थे। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा में नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि संत नगर के विकास के साथ साथ तेजी से विकसित होते बैरागढ़ कलाँ, भौरी, कोलूखेड़ी, नई बस्ती में विकास के निरंतर कार्य हमने विगत वर्षों में किए है। इंदौर रोड से बैरागढ़ कलाँ की सड़क का निर्माण हो या भौरी पहुँच मार्ग का निर्माण यह मेरी प्राथमिकता में सम्मिलित रहा। इन क्षेत्रों की अंदरूनी सड़कों का निर्माण भी बहुत तेज़ी से किया जाएगा।

### अवैध कॉलोनीयों पर कार्यवाही के निर्देश

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा की मूलभूत सुविधाओं न देकर नागरिकों को ठगने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के निर्देश उपस्थित जिला प्रशासन के अधिकारियों को दिए है। विधायक शर्मा में कहा कि जिन लोगो में नागरिकों के साथ धोखा किया है उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### लव जिहाद लैंड जिहाद से सतर्क रहने की जरूरत है

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा की लव जिहाद और लैंड जिहाद के खिलाफ भी हमे डटकर लड़ना होगा।बेटी किसी की भी हो उसके सम्मान की रक्षा यह हमारा सामाजिक दायित्व है एकता के भाव के साथ हमे ऐसे कट्टरपंथियों से निपटना है।

# गांधी मेडिकल कॉलेज में योग दिवस पर जागरूकता सत्र आयोजित



**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें योगाभ्यास के साथ मानसिक शांति और ध्यान पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. संध्या नायर द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात योग प्रशिक्षिका वैशाली मालवीय व डॉ. डॉली द्वारा शारीरिक योगाभ्यास कराया गया, जिसमें मेडिकल स्टूडेंट्स, फैकल्टी व स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मानसिक स्वास्थ्य व मेडिटेशन सत्र का संचालन ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से ब्र्ह्म अन्नपूर्णा बहन एवं डॉ. देवयानी द्वारा किया गया। उन्होंने राजयोग की विधि से सभी को आंतरिक शांति और ऊर्जा जागरण का अनुभव कराया।

इस अवसर पर गाँधी मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. कविता एन. सिंह मैडम ने योग को अपनी नियमित दिनचर्या मैं शामिल करने का आवाहन किया तथा कार्य को सफल बनाने हेतु अपनी शुभकामनाये प्रेषित की तथा अगले वर्ष इसको और बड़े स्तर से मनाने की इच्छा जाहिर की। इस अवसर पर कार्यक्रम में डॉ. आर. पी. कौशल , डॉ. वाधवानी मैडम , डॉ. देवेंद्र गौर, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ कुलदीप गुप्ता सहित कॉलेज के अन्य फैकल्टी मेंबर्स, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन हमीदिया चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव जयंत द्वारा किया गया तथा अंत मैं सभी का आभार डॉ आर पी कौशल सर के द्वारा किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक तनाव से मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता व जीवनशैली संतुलन को बढ़ावा देना था।तथा योग के महत्व को सभी चिकित्सीय परिवार से जुड़े हुए लोगो के बीच फैलाना रहा। कार्यक्रम के अंत मैं सभी को सेव वितरण किया गया तत्पश्चात सभी ने प्रस्थान किया।

## अफवाहों से बचाव



स्वाभाविक है कि यदि हम किसी बात पर प्रतिक्रिया देने से पहले उसे सत्यता, अच्छाई और उपयोगिता के स्तर पर पूरी तन्मयता से परखें और चिंतन करें, तो अफवाहों की चपेट में आने से बच सकते हैं। अफवाहें न केवल भ्रम फैलाती हैं, बल्कि समाज में अविश्वास और अशांति भी उत्पन्न करती हैं। इसलिए, सूचनाओं को बिना जांचे-परखे स्वीकार करने के बजाय, हमें विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। इससे हम न सिर्फ स्वयं को, बल्कि दूसरों को भी अफवाहों के दुष्प्रभाव से बचा सकते हैं। सूचना के स्रोत की विश्वसनीयता की जांच और तथ्यों का विश्लेषण हमें सही निर्णय लेने में सहायता करता है। यह अभ्यास सामाजिक एकता को मजबूत कर अफवाहों के खिलाफ एक प्रभावी ढाल बन सकता है।

# अमरनाथ यात्रा निर्विघ्न संपन्न हो इसके लिए वर्षा जल से भोलेनाथ का किया जलाभिषेक



**भोपाल।** शिव शक्ति सेवा समिति के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से आरंभ होकर 9 अगस्त रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी जो कि 38 दिनों की होगी । मंडल का पहला जत्था 29 जून और अंतिम जत्था 28 जुलाई को जायेगा । अमरनाथ यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न हो इसके लिए मण्डल सदस्यों द्वारा इंद्रपुरी स्थित महादेव मंदिर में पंडित गिरीश मिश्रा जी के द्वारा विधि विधान एवम मंत्रोतचारणों द्वारा बर्षा के पवित्र जल से भोले नाथ का जलाभिषेक कर हवन किया गया । हवन के लिए कु जानवी गौतम द्वारा अग्नि प्रज्वलित की गई ,अग्नि के प्रज्वलित होते ही मूसलाधार बारिश शुरू हो गई थी, इसी मूसलाधार बारिश में हवन किया गया । सभी भोले के भक्तों द्वारा ओम नमः शिवाय का जाप कर भगवान भोले नाथ से प्रार्थना की गई कि भोलेनाथ अमरनाथ यात्रिओं की प्राकृतिक आपदा ,उग्रवाद एव आतकवाद से रक्षा करे । इस पुनीत कार्य में मुख्य रूप से मंडल सचिव रिंकू भटेजा , सचिन सेवारमानी, गुड्डू अग्रवाल, योगेश श्रीवास्तव, प्रदीप सोनी, गजेंद्र ठाकुर, राजकुमार रघुवंशी , अवनीश वर्मा,बृजेश पाठक,अरुण तिवारी, कपिल ग्वाला ,प्रकाश पाटिल, मनीष पवासे, मुकेश रैकवार, देवराव तयखण्डे, अमरीश पटेल, सचिन आर्य, श्याम अग्रवाल, राज नारायण पटेल ,राज कुमार रघुवंशी , सुमित गिरी, अशोक काकडे, , हरबंस सिंह,जनार्दन शर्मा , मोनू चौरसिया, राधेश्याम कैलाशिया , दिनेश वर्मा ,अजीत सिंह , संजय चंद्रवंशी ,सचिन राठौर ,अशोक यादव, अमित सिंह ,दिव्या बोहरा , उमा कपूर ,मंजू गौतम ,कविता अग्रवाल,पुष्पा राही , पवित्रा वर्मा ,कविता अग्रवाल , सहित अनेकों अमरनाथ यात्री उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी महिला मोर्चा की जिला बैठक में आगामी कार्ययोजनाओं पर की चर्चा



**भोपाल।** राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के महिला मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन शनिवार को भोपाल के कोलार स्थित मनभावन रेस्टोरेंट के पास में सायं 6 बजे सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन के विभिन्न स्तरों की महिला पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

इस बैठक की मुख्य अतिथि दमोह से पधारीं संगठन की प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) श्रीमती राधा तिवारी रहीं। उनका आत्मीय स्वागत जिला उपाध्यक्ष श्रीमती नीतू सेंगर ने तिलक कर एवं माल्यार्पण के साथ किया। इसके साथ ही, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा हरित का स्वागत प्रदेश महामंत्री श्रीमती अंजुला सोनी द्वारा किया गया, जबकि प्रदेश मंत्री श्रीमती सविता श्रीवास्तव का अभिनंदन कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती उर्मिला जी ने किया। जिला अध्यक्ष श्रीमती रेखा श्रीवास्तव का स्वागत कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती अनिता पटवा द्वारा किया गया। बैठक का कुशल संचालन कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती संजू श्रीमाली ने किया। इस अवसर पर संगठन के उद्देश्यों, महिला मोर्चा की सक्रिय भूमिका और आगामी कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम में महिला शक्ति की संगठित भूमिका पर जोर देते हुए वक्ताओं ने समाज में सांस्कृतिक और राष्ट्हित में संगठन की आवश्यकता को रेखांकित किया। संगठन की ओर से सभी उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को साधुवाद व शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं।

## राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल में 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय की कुलपति, कुल सचिव एवं अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर योग किया , योग ट्रेनर के रूप में कुलसचिव प्रोफेसर मोहन सेन ने योग की ट्रेनिंग दी एवं इस आशय के साथ की रोज 1 घंटे का समय निकालकर प्रोफेसर मोहन सेन सब को योग करवाएंगे, इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रोफेसर राजीव त्रिपाठी ने कहा कि योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, हम सभी जानते हैं कि योग सिर्फ एक अभ्यास नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो हमें अधिक संतुलित,स्वस्थ और आनंदपूर्ण जीवन जीने की दिशा में प्रेरित करती है।

## तेली साहू महासंगठन की जिला कार्यकारिणी घोषित



**भोपाल।** साहू समाज भोपाल की जिला कार्यकारिणी बैठक शिखा होटल भानपुर में सुबह 10 बजे राष्टीय एवं प्रदेश पदाधिकारीयो की उपस्थिति में मां कर्मा देवी के दरबार में दीप प्रज्वलित से बैठक का। शुभारंभ किया गया। प्रथम सत्र में राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष किशोर साहू ने संगठन का विस्तृत विवरण पर उद्बोधन दिया। द्वितीय सत्र में प्रदेश महामंत्री बाबूलाल साहू ने संगठन का विस्तार एवं आगामी योजना पर चर्चा की, तृतीय सत्र में जिला कार्यकारिणी युवा कार्यकारिणी एवं महिला कार्यकारिणी के दायित्वों की घोषणा की एवं सभी नवीन पदाधिकारी को मनोनयन पत्र वितरित किए,समाज की मर्यादा एवं आदर्श और मजबूती के लिए सभी नवीन पदाधिकारी को शपथ दिलवाई गई। समापन सत्र में साहू समाज के जिला अध्यक्ष श्री राजेश साहू ने अध्यक्षीय भाषण एवं सभी मंच आसीन पदाधिकारी एवं नवीन दायित्व पदाधिकारी का आभार प्रकट एवं शुभकामनाएं दी ।बैठक का संचालन आईटी प्रदेश अध्यक्ष श्री रवि साहू जी द्वारा किया गया। बैठक समापन पश्चात सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संरक्षक डी.डी.साहू युवा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह साहू युवा प्रदेश कार्य अध्यक्ष राजेश साहू शिक्षक , हरिश साहू , प्रदेश उपाध्यक्ष महिला डॉक्टर तिलोत्मा आजाद प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश साहू हरि प्रसाद साहू ,प्रदेश कार्य अध्यक्षसंतोष साहू ,प्रदेश संगठन मंत्री कन्हैयालाल साहू प्रदेश मंत्री कन्नू प्रसाद साहू प्रदेश अपर महामंत्री मुकेश साहू भोपाल जिला युवा अध्यक्ष करण साहू सहित जिले के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# रोटरी क्लब भोपाल मिड टाउन ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अवार्ड वितरित किए



**भोपाल।** रोटरी क्लब भोपाल मिड टाउन द्वारा वर्ष 2024 25 जोश और जुनून थीम के कार्यकाल में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए क्लब सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन एवं क्लब अवार्ड्स कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष, मानव सचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा अवार्ड वितरित किए गए। यह अवसर था क्लब सदस्यों द्वारा की गई मेहनत और परिश्रम को पहचानने का और उन्हें सम्मानित करने का एक प्रयास। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटेरियन डॉक्टर प्रीती उपाध्याय द्वारा वर्ष भर में विभिन्न सेवा प्रकल्पों पर किए गए कार्य का उल्लेख किया गया। इस वर्ष क्लब द्वारा विविध सेवा प्रकल्प जिन में प्रमुख रूप से विंटर गेम्स, प्लांटेशन, जनरल नॉलेज क्वीज, गुरु सम्मान, ब्लड डोनेशन कैम्प , कलरव, भारतीय सांकेतिक भाषा कार्यशाला एवं रोटरी जॉब फेयर का आयोजन किया। रोटेरियन संजय निगम, एसके भार्गव, सुयश सिंह, अमित तनेजा, विनोद तिवारी ,रुचिता अग्रवाल दिनेश मुंद्रा, आभास जैन,रश्मि गुर्जर आदि प्रमुख रूप से सम्मानित किये गये ।क्लब द्वारा सम्मानित सभी सदस्यों नहीं किए गए कार्य क्षेत्र के बारे में अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का संचालन रो.अशोक गुप्ता द्वारा किया गया।

# 1000 विद्यार्थियों ने योग के साथ-साथ सामूहिक सूर्यनमस्कार भी किया

## एलवीएस ग्रुप ऑफ स्कूल में मनाया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**भोपाल।** परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी के आशीर्वाद एवं परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी के कुशल मार्गदर्शन में लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ हायर सेकन्ड्री स्कूल, प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल एवं वीना चार्ली दासवानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल में दिनांक 21 जून 2025 दिन शनिवार को 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

विद्यालयों में लगभग 1000 विद्यार्थियों ने योग के साथ-साथ सामूहिक सूर्यनमस्कार भी किया। इस अवसर पर विद्यालयों के प्राचार्यो ने बच्चों को योगा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा की प्रतिदिन योगा करने से हम तन और मन से स्वस्थ रहते हैं। उन्होंनें बताया कि योग शारीरीक विकास के साथ साथ मानसिक और आध्यात्मिक विकास भी करता है। योग के प्रथम गुरू भगवान शिव को माना गया है और योग का जनक महर्षि पतंजलि को माना जाता है, ज्ञातव्य है कि विद्यालय का निर्माण महर्षि पतंजलि के जन्म स्थली गोंदरमऊ के खसरा एरिया में ही किया गया है। उन्होंनें बताया कि स्वस्थ रहने के लिए योग करना आवश्यक है और इसे प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए कहा।

इस अवसर पर शिक्षक ब्रिजकिशोर एवं शिक्षिका प्रतिभा कुशवाह के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा अनुलोम-विलोम, प्राणायाम एवं अन्य योगासन किए गए। प्राथमिक विभाग के बच्चों ने भी योग क्रियाओं में अपना योगदान दिया, प्रधानाध्यापिका ने योग के महत्व को बताया।

इस अवसर पर बच्चों ने भी योग से संबंधित विचार साझा किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, उप-प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं सभी ने मिलकर बच्चों के साथ योगा किया। संस्था द्वारा योग दिवस पर समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य, उप-प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं के साथ योगासन किया।

## सुदर्शनचक्र कोर ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**भोपाल।** सुदर्शन चक्र कोर ने भोपाल सैन्य स्टेशन के शांत और हरे-भरे वातावरण में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में सभी रैंकों और परिवारों के 1,000 से अधिक कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लेफ्टिनेंट जनरल प्रीत पाल सिंह, एवीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, श्रीमती नंदिता सिंह, जोनल अध्यक्ष, आवा, सुदर्शन चक्र कोर ने इस अवसर को गति और दृश्यता प्रदान करते हुए समारोह का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग÷ को शामिल किया गया - जिसमें समग्र कल्याण, पर्यावरणीय स्थिरता और व्यक्तियों और ग्रह के स्वास्थ्य को बढ़ाने में योग के प्राचीन ज्ञान की प्रासंगिकता पर जोर दिया गया। शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और पारिस्थितिक चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योग सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इस समारोह ने भारतीय सेना की अपने कार्मिकों और व्यापक समुदाय के बीच स्वस्थ, टिकाऊ और संतुलित जीवन शैली को बढ़ावा देने की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## बारिश को लेकर अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश, नागरिकों से डूब क्षेत्रों में न जाने की अपील



**भोपाल।** मानसून को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर पर संदेश देते हुए अधिकारियों को सतर्कता के निर्देश दिए है। प्रदेश में नागरिकों को न हो कोई परेशानी। रपटे, पुल-पुलिया और डूब क्षेत्रों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए। सीएम ने नागरिकों से से की डूब क्षेत्रों में न जाने की अपील की।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह 26 को इंदौर में



**इंदौर।** केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह 26 जून को इंदौर में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान आगामी 26 जून, गुरुवार को भाकृअप भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर में सोयाबीन क्षेत्र से जुड़े स्टेक होल्डर (भागीदारों) किसानों, उद्योगपति, एनजीओ आदि से चर्चा करेंगे। भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर के निदेशक श्री के एच सिंह ने कृषक जगत को बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आगामी 26 जून को संस्थान में सोयाबीन किसानों, उद्योगपति, एनजीओ आदि से मिलकर उनकी समस्याओं, कृषि को उन्नत और लाभकारी बनाने पर चर्चा करेंगे । इस दौरान श्री सिंह द्वारा विकसित कृषि संल्कप अभियान की समीक्षा भी संभावित है। केंद्रीय कृषि मंत्री कृषि वैज्ञानिकों से भी चर्चा कर किसानों के हित में उनसे भी राय मांगेगे।

# जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गांव की महिलाओं से खरीदे आम, बच्चों को दुलारा, आम खिलाए और रोज स्कूल जाने के लिए कहा





**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को सपत्नीक नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी प्रवास पर पहुंचे। पचमढ़ी से लौटते वक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बारिआम गांव में सड़क किनारे टोकरी में रखकर आम बेच रहीं महिलाओं और बच्चों को देखकर अपना काफिला रूकवाया। मुख्यमंत्री ने आम बेच रहीं सभी महिलाओं से आत्मीय संवाद किया। पूछा ङ्क रोज कितने के आम बेच लेती हो ? मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर आम विक्रेता श्रीमती बसंती टेकाम की खुशी का ठिकाना न रहा, उसने प्रफुल्लित होकर बताया कि सर, रोज सुबह से शाम यहां बैठते हैं, तो 400 से 500 रूपए के आम बिक ही जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समीप ही खड़ी श्रीमती बसंती की बेटी को देखकर पूछा क्या ये बिटिया स्कूल जाती है ? महिला ने कहा कि हां सर, सीएम राइज स्कूल में पढ़ती है। मुख्यमंत्री ने हर्ष जताकर कहा कि अरे बिटिया, अब उसका नाम सांदीपनि विद्यालय हो गया है। मुख्यमंत्री ने यहां आम बेच रहीं सभी महिलाओं से आम खरीदे और खुद भुगतान भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीमा यादव ने महिलाओं से खरीदे हुए आम वहां एकत्रित सभी नन्हे-मुन्ने बच्चों में स्नेहपूर्वक वितरित कर दिए। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों से भी बाल सुलभ संवाद किया और पूछा क्या नाम है, स्कूल जाते हो ? तो बच्चों में से उमेश, साक्षी और रिया ने कहा जी सर। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन सभी बच्चों को रोज स्कूल जाने और मन लगाकर पढ़ाई करने की मनुहार की।

## डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के विभाग की ट्रांसफर लिस्ट में गड़बड़ी, एक पोस्ट पर 2-2 अफसर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में तबादलों का मौसम चल रहा है। सरकार ने सालों से जमे अफसरों कर्मचारियों बदलने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में पुलिस से लेकर अन्य सभी विभागों में लगातार तबादले हो रहे हैं। तबादला करने की हड़बड़ी में बड़ी बड़ी गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। ताजा मामला डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा के वाणिज्यिक कर विभाग का है। विभाग की तबादला सूची से में भारी गड़बड़ी उजागर हो रही है। कई जगह नए अफसर तो भेजे गए, लेकिन पहले से पदस्थ अधिकारियों को हटाया ही नहीं गया। इससे एक ही पद पर दो-दो अफसर तैनात हो गए हैं।

**ग्वालियर से भोपाल तक उलझी तबादला चेन:** ग्वालियर संभाग 1 के डिप्टी कमिश्नर परमानंद सौंधिया को ग्वालियर वृत्त 3 भेजा गया, जबकि ग्वालियर वृत्त 3 के हरिदास भालेकर को सागर भेजा गया और वहां से निर्मल परिहार को भोपाल वृत्त 5 भेजा गया। मगर, भोपाल वृत्त 5 में पहले से पदस्थ मिथलेश वामनकर को हटाया ही नहीं गया। यही स्थिति मंडीदीप, नरसिंहपुर और कटनी वृत्त में भी दिखी।

**मंडीदीप में दो डिप्टी कमिश्नर तैनात:** भोपाल ऑडिट विंग से नरेंद्र सिंह चौहान को मंडीदीप भेजा गया। लेकिन वहां पहले से डिप्टी कमिश्नर प्रीति प्रभुलता पन्ना पदस्थ हैं। दोनों की मौजूदगी से अधिकार क्षेत्र में भ्रम की स्थिति बन गई है।

**नरसिंहपुर में एक ही पद पर दो अधिकारी:** सुप्रिया पाठक को नरसिंहपुर भेजा गया है, जबकि वहां की मौजूदा अफसर दुर्गेश पटेल का तबादला पहले किया गया और बाद में रद्द कर दिया गया। ऐसे में दोनों अफसर एक ही पद पर आ गई हैं।

**भोपाल, सागर और टीकमगढ़ में भी दो दो अफसर:** सतना के असिस्टेंट कमिश्नर नवीन दुबे को भोपाल भेजा गया, लेकिन वहां से किसी को नहीं हटाया गया। भोपाल वृत्ति कर की श्वेता साठे को संभाग क्रमांक 1 भेजा गया, पर वहां भी पुराना अफसर जस का तस है।

**जहां कोई अफसर नहीं, वहां किसी को नहीं भेजा:** भोपाल सर्किल 5 में मिथलेश वामनकर और मंडीदीप में प्रीति पन्ना को जॉइंट कमिश्नर का प्रभार दिया जाना था। लेकिन अब विभागीय पदोन्नति आदेश जारी होने से यह प्रक्रिया अधर में लटक गई है। छतरपुर जिले के नौगांव जैसे स्थानों पर सालों से अफसर नहीं हैं, पर नई तबादला सूची में वहां किसी को नहीं भेजा गया। इससे विभागीय कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है।

# ICJS क्रियान्वयन पर कार्यशाला आयोजित करने में मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बना




**भोपाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा ICJS के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समय-समय पर की जा रही उच्चस्तरीय समीक्षा बैठकों तथा मुख्य सचिव अनुराग जैन एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा की जा रही सतत् समीक्षा एवं मार्गदर्शन के प्रतिफलस्वरूप राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो पुलिस मुख्यालयभोपाल द्वारा रविवार को ICJS Implementation and Digital Integration विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का भव्य एवं सफल आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे सभागार (मिंटो हॉल), भोपाल में किया गया। यह कार्यशाला अपने स्वरूप और उद्देश्य की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय आयोजन साबित हुई, जिसमें Interoperable Criminal Justice System (ICJS) के अंतर्गत समस्त स्तंभ पुलिस, न्यायालय, अभियोजन, जेल, फॉरेंसिक एवं स्वास्थ्य एक ही मंच पर एकत्रित हुए। कार्यशाला में इन विभिन्न स्तंभो के प्रतिनिधियों ने आपसी अनुभवों, व्यावहारिक चुनौतियों तथा समाधान-आधारित विचारों को साझा करते हुए ICJS के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समन्वित रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। उक्त कार्यशाला का आयोजन कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति संजीव सचदेवा, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, SCRB जयदीप प्रसाद के नेतृत्व तथा उप पुलिस महानिरीक्षक हेमंत चौहान के समन्वय में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति संजीव एस. कलगांवकर, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, म.प्र., कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विशेष पुलिस महानिदेशक (अ.अ.वि.) पवन कुमार वास्तव एवं मंचासीन अतिथि गणों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य ICJS के अंतर्गत पुलिस, अभियोजन, न्यायालय, जेल, फॉरेंसिक व स्वास्थ्य विभागों के मध्य डिजिटल समन्वय को सशक्त बनाना तथा क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों और कमियों पर संवाद कर उनके समाधान की रूपरेखा तैयार करना था। कार्यशाला में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी, जोनल ADG/IG, जिला न्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक, अभियोजन, जेल, फॉरेंसिक और स्वास्थ्य विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। न्यायमूर्ति संजीव एस. कलगांवकर ने ICJS के अंतर्गत ICJS के विभिन्न पिलर्स द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सीमित संसाधनों में कार्य कर रहे अधिकारियों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की तथा कहा कि ICJS अंतर्गत समस्त पिलर्स ICJS के समस्त दायित्वो एवं अपेक्षाओ को आपसी समन्वय बनाकर पूर्ण करे। अधिवक्ता एवं साइबर लॉ कंसल्टेंट डॉ. निशीथ दीक्षित ने न्यायालयों में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की वैधता विषय पर एक व्यावहारिक व उपयोगी व्याख्यान प्रस्तुत किया। विशेष पुलिस महानिदेशक पवन कुमार वास्तव ने ICJS व नवीन आपराधिक कानूनों की पृष्ठभूमि में मध्यप्रदेश पुलिस की भूमिका, प्रगति और अपेक्षाएं साझा कीं। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार) आशुतोष पांडे ने अभियोजन प्रक्रिया में डिजिटल बदलाव, ADG चंचल शेखर ने पुलिस में डिजिटाइजेशन, और स्क्र देवास पुनीत गेहलोत ने ICJS पायलट प्रोजेक्ट- देवास अनुभव÷ विषय पर अपने अनुभव साझा किए। इसके अतिरिक्त, हृद्धष्ट से दीपक कुमार एवं कौशी जान ने डिजिटल एकीकरण पर, स्वास्थ्य आयुक्त तरुण राठी ने MedLeaPR प्रणाली द्वारा स्वास्थ्य एवं पुलिस समन्वय पर, तथा स्न्रस्रु संचालक शशिकांत शुक्ला ने e-Forensic ऐप्लिकेशन पर अपने व्यावहारिक अनुभव प्रस्तुत किए। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रतिनिधियों के साथ समूह चर्चा आयोजित कर ICJS के क्रियान्वन को लेकर ठोस सुझाव एकत्रित किए गए। उक्त कार्यशाला में संकलित सुझाव ICJS के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। कार्यशाला में विभिन्न पिलर्स के E&perts के द्वारा दिया गया मार्गदर्शन ICJS के सशक्त क्रियान्वयन हेतु ठोस दिशा प्रदान करते हुए, इस पहल को एक निर्णायक उपलब्धि की ओर अग्रसर करेंगे।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन का किया शुभारंभ






**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन में ज्योतिष के ज्ञान और अनुभव का लाभ मिलेगा। यह सम्मेलन इस क्षेत्र के लिए एक उपलब्धि साबित होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रीवा प्रकोष्ठ के सभागार में वैदिक सनातनी ज्योतिष महामंथन सम्मेलन का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारी प्राचीन संस्कृति में ज्योतिष का विशेष महत्व रहा है। ज्योतिष के माध्यम से सटीक गणना का आकलन करने की विधि सर्वमान्य रही है। उन्होंने कहा कि इस ज्योतिष यात्रा में जो ज्ञान और अनुभव मिलेगें उससे समाज और जनसामान्य का कल्याण होगा। सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने रीवा में आयोजित हो रहे ज्योतिष महामंथन के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी। अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्त, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी व सहित देश के ख्याति प्राप्त ज्योतिषाचार्य तथा विद्वान उपस्थित रहे।

## राशन कार्ड धारक 7 दिन में पूरा कर लें ये काम, वरना नहीं मिलेगा अनाज का लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के राशन कार्ड धारकों के लिए काम की खबर है। अगर आपने अबतक राशन कार्ड की e-KYC (इलेक्ट्रॉनिक- नो योर कस्टमर) प्रक्रिया पूरी नहीं की है तो फटाफट करवा लें,क्योंकि इसकी लास्ट डेट 30 जून 2025 है। अगर यह काम समय पर नहीं हुआ, तो राशन कार्ड से नाम हट सकता है और मुफ्त या सस्ता राशन मिलना बंद हो सकता है। दरअसल, भारत सरकार ने राशन वितरण प्रणाली को और पारदर्शी बनाने के लिए 30 जून तक कराना अनिवार्य कर दिया है, ऐसा नहीं करने पर आपका राशन कार्ड कैंसिल हो सकता है और आपको सस्ता या मुफ्त राशन मिलना बंद हो जाएगा।अगर आपने केवायसी करवा ली है और फिर भी गलती से आपका नाम राशन कार्ड लिस्ट से कट गया है, तो आप इलाके की राशन की दुकान या फूड सप्लाई ऑफिस में संपर्क करें। सही दस्तावेज़ (जैसे आधार, मोबाइल नंबर) साथ लेकर जाएं और दोबारा आवेदन करें।अगर आपके डॉक्यूमेंट्स में कोई गड़बड़ी है (जैसे आधार गलत, नंबर अपडेट नहीं), तो पहले उन्हें ठीक कराएं।



बिहार खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने भी राशन कार्ड को आधार से लिंक करने के लिए समय सीमा 30 जून 2025 तय की है। आधार सीडिंग के लिए धारकों को कोई शुल्क नहीं देना है वे किसी भी लक्षित जन वितरण प्रणाली विक्रेता की दुकान पर संधारित ईपीओएस यंत्र के माध्यम से आधार सीडिंग (ईकेवाईसी) करा सकता है। राशन कार्ड में अंकित किसी भी सदस्य की आधार सीडिंग अगर 30 जून तक नहीं की जाती है तो उसका नाम राशन कार्ड से (01 जुलाई 2025 के प्रभाव से) हटा दिया जाएगा और उसे खाद्यान का लाभ भी नहीं दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश में भी केवायसी की लास्ट डेट 30 जून है। अन्यथा लाभुकों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाला अनाज मिलना बंद हो सकता है। यदि कोई लाभुक किसी अन्य राज्य में रह रहा है, तो उसे आधार सीडिंग के लिए अपने गृह राज्य लौटने की आवश्यकता नहीं है। लाभुक जहां है, वहीं से नजदीकी जन वितरण प्रणाली की दुकान पर जाकर ई-पॉश मशीन के माध्यम से प्रक्रिया पूरी कर सकते है। राशन कार्ड E-KYC यानी Know Your Customer है, इसे कराने के बीच वजह राशन कार्ड धारकों की पहचान को वेरिफाई करना है और फर्जी राशन कार्ड को खत्म करना है।KYC प्रक्रिया को पूरा करने से केवल उनको लाभ मिलेगा जो पात्र हैं।फर्जी राशन कार्ड अगर किसी के नाम पर है तो उसे खत्म किया जा सकेगा।eKYC प्रक्रिया के तहत प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य को अपना नाम, जन्मतिथि आदि का मिलान अपने आधार डाटा के साथ करना है।

# इस एक निर्णय से बहुत आगे निकल गए मोहन....!



**दिनेश निगम त्यागी**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अपने एक निर्णय से बाजी मार ली और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आगे निकल गए। मुद्दा सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों की पदोन्नति का है। पदोन्नति में आरक्षण के करण मामला पहले हाईकोर्ट और इसके बाद सुप्रीम कोर्ट मे लंबित है। इसकी वजह से 9 साल से अधिकारी-कर्मचारियों की पदोन्नति में विराम लगा था। इस अवधि में लगभग एक लाख अधिकारी-कर्मचारी बिना पदोन्नति सेवानिवृत्त हो गए। इसे लेकर उनमें बेहद नाराजगी है। सरकारी अमले को लगता है कि शिवराज सरकार ने मुख्यमंत्री रहते इस मसले को निबटाने में कोई रुचि नहीं दिखाई। मुख्यमंत्री बनते ही डॉ यादव ने सरकारी कर्मचारियों की वेदना समझी और पदोन्नति का मसला सुलझाने की दिशा में प्रयास शुरू किया। अंततः केबिनेट की बैठक में पदोन्नति के नए नियमों को मंजूरी दे दी गई। नियमों को लेकर कर्मचारी वर्ग की मिली- जुली प्रतिक्रिया है। एक वर्ग ने सरकार के निर्णय का स्वागत किया है जबकि दूसरे का कहना है कि स्थिति पहले जैसी ही है। ये पदोन्नति में आरक्षण का विरोध पहले भी कर रहे थे, अब भी कर रहे हैं। इनका कहना है कि पदोन्नति में आरक्षण के कारण एससी-एसटी के अलावा अन्य वर्ग को नुकसान होगा। कर्मचारियों का यह वर्ग कोर्ट जाने की तैयारी में है। सरकार ने इस आशंका के चलते ही कोर्ट में केविएट लगा दी है।

### पुराने दौड़ में पिछड़े, अब आदिवासी वर्ग के नेता आगे


भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव लगातार टल रहा है। इसके कारण राजनीतिक समीकरण लगातार बन-बिगड़ रहे हैं और अटकलों का दौर जारी है। प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में अब तक नरोत्तम मिश्रा, हेमंत खंडेलवाल, गोपाल भार्गव सहित कई?नेताओं के नाम शामिल थे, लेकिन अचानक प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी वर्ग से बनाए जाने की चर्चा?चल पड़ी है। पूर्व?केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और राज्यसभा सदस्य सुमेर सिंह सोलंकी पहले से प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों में शामिल थे। पिछली बार भी इनके नामों पर विचार हुआ था। इस बार अचानक दौड़ में खरगोन से भाजपा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल का नाम शामिल हो गया है। खबर है?कि भाजपा



नेतृत्व गजेंद्र के नाम पर गंभीरता से विचार कर रहा है।?इसकी वजह गजेंद्र की पृष्ठभूमि आरएसएस से होना भी है। इनके पिता उमराव सिंह संघ के विस्तारक रहे हैं। गजेंद्र अपने काम और व्यवहार से आदिवासी वर्ग खासकर युवाओं को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। पहलगाम में आतंकी घटना और इसके बाद भारत द्वारा चलाए आपरेशन सिंदूर को लेकर प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के बयान से राजनीतिक समीकरण बदले हैं। शाह की वजह से आदिवासी वर्ग नाराज हो रहा था। इसे दूर करने के उद्देश्य से भी इस वर्ग से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाने पर विचार हो रहा है। पार्टी के सांसदों, मंत्रियों, विधायकों और प्रमुख पदाधिकारियों को हर जरूरी मुद्दे पर बारीकी से प्रशिक्षण देने के बाद अनुशासन तोड़ने और आपत्तिजनक बयानों पर अब भाजपा चुप नहीं बैठेगी। पार्टी अपनी 'तीसरी आंख' को सक्रिय करेगी। यह आंख प्रशिक्षण प्राप्त नेताओं के क्रियाकलापों पर नजर रखेगी। खासकर प्रशिक्षण वर्ग में जिन पैरामीटर पर नसीहतें दी गई हैं, उनकी मॉनीटनिंग की जाएगी। इसके तहत दिनचर्या के साथ उनके सोशल प्लेटफॉर्म को भी शामिल किया जाएगा। यह भी देखा जाएगा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जिन विषयों पर प्रतिक्रिया जारी करने से मना किया है, उन पर नेता मुखर तो नहीं हैं। इसके लिए इनके कार्य व्यवहार और बयानों की मॉनिटरिंग के सिस्टम को और अपग्रेड किया जाएगा। सिर्फ मॉनीटरिंग ही नहीं होगी बल्कि सांसदों-विधायकों को अनुशासन का जो पाठ पढ़ाया गया है, इस गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर सीधे अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। भाजपा नेतृत्व को इस निर्णय के लिए कुछ मंत्रियों, विधायकों और नेताओं के आपत्तिजनक बयानों के कारण मजबूर होना पड़ा है। इनकी वजह से पार्टी?असहज हुई है। कुछ जिलों में नेताओं की आपसी लड़ाई सड़क पर है। वे एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी करते हैं। इससे पार्टी की छीछालेदर होती है। लिहाजा, अब समझाइश नहीं, सीधे कार्रवाई होगी।

### अफसरों की मनमानी, मंत्रियों को नहीं मिली तवज्जो

सरकार के अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादलों को लेकर जैसा हर बार होता है, इस बार भी हुआ। दो बार अवधि बढ़ाने के बाद भी तबादला सूचियां जारी नहीं हो पाई। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर बनी तबादला नीति में साफ कहा गया था कि प्रदेश स्तर पर विभाग के मंत्री और जिला स्तर पर प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद ही तबादले होंगे। यह भी उल्लेख किया गया कि सांसदों-विधायकों की सिफारिश को तवज्जो दी जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नौकरशाही ने जम कर मनमानी की और मंत्रियों की सिफारिशों को डस्टबिन में डाल दिया गया। मंत्रियों करन सिंह वर्मा, प्रद्युम्न सिंह तोमर और जगदीश देवड़ा ने कहा कि उनकी सिफारिश वाले तबादले नहीं हुए। जगदीश देवड़ा का यहां तक कहना था कि कुछ दागी अफसरों को हटाने के लिए लिखा था लेकिन वे नहीं हटे। कई अन्य मंत्रियों ने भी बताया कि विभागाध्यक्षों और प्रमुख सचिवों ने अपने मन से तबादले किए। कुछ घटनाक्रमों में तो अधिकारी, मंत्रियों से बहस करते नजर आ गए। नतीजा यह हुआ कि कई?विभागों की सूचियां नहीं निकल सकीं।



### कांग्रेस के इस विधायक की हिम्मत को देनी होगी दाद

कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी जब भाजपा के साथ आरएसएस को भी पानी पी-पीकर कोस रहे हैं। ऐसे में पार्टी का कोई विधायक कहे कि मैं संघ से प्रेम करता हूं और संघ के लिए मैंने भी बहुत काम किया है तो उनकी हिम्मत को दाद देना होगी। हम बात कर रहे हैं सुसनेर से कांग्रेस विधायक भैरों सिंह बापू की। सोधिया समाज के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मैं खुद संघ से जुड़ा हूं। कांग्रेस में रहते हुए संघ का काम करता हूं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बापू ने यह भी कहा कि आप सभी का मैं सम्मान करता हूं। संघ से मैं भी जुड़ा हुआ हूं। कांग्रेसी होते हुए भी इतने पदाधिकारी मेरे परिचित हैं। वीडियो वायरल होते ही कांग्रेस में हड़कंप मच गया। बापू पर कार्रवाइ की तलवार भी लटक है। जब लक्ष्मण सिंह जैसे वरिष्ठ नेता नहीं बचे तो ये कैसे बख्शे जाएंगे। भाजपा भी चुटकी लेने से बाज नहीं आई। भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि संघ सामाजिक, वैचारिक, राष्ट्रवादी संगठन है। कोई कहीं भी रहकर राष्ट्र की सेवा कर सकता है। यह अच्छी बात है कि कांग्रेस विधायक संघ के विचारों में विश्वास रखते हैं। कांग्रेस अनर्गल प्रलाप करती है उसे भी संघ की भावना समझ लेना चाहिए। हालांकि बापू ने अपनी सफाई में कहा कि 'मैंने सोंधिया समाज के संघ को लेकर बात कही थी, इसे काट छांट कर किसी न षडयंत्र किया है।

संपादकीय

# 200 देशों में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के मामले बढ़े

बच्चों के खिलाफ हिंसा न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी उन्हें चोट पहुंचाती है। बाद में उनके वयस्क जीवन में भी इसके प्रतिकूल परिणाम देखने को मिलते हैं। कानूनन सभी बच्चों को हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार से सुरक्षित रहने का अधिकार है। मगर, दुनिया भर में तमाम सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और विभिन्न धर्मों व समुदायों के लाखों बच्चे हर दिन हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार का शिकार होते हैं। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र की एक नई रपट ने चिंता बढ़ा दी है, जिसमें कहा गया है कि पिछले वर्ष दुनिया भर में संघर्षों के दौरान बच्चों के खिलाफ हिंसा व अन्य अपराध अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गए। वर्ष 2023 की अपेक्षा 2024 में बच्चों और किशोरों के खिलाफ हिंसा के मामलों में पच्चीस फीसद बढ़ोतरी हुई है। संयुक्त राष्ट्र की इस रपट को इसलिए भी गंभीरता से लेने की जरूरत है, क्योंकि बच्चों के खिलाफ अपराध कम होने के बजाय साल-दर-साल बढ़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संघर्षरत राष्ट्रों में बच्चों के खिलाफ 41,370 आपराधिक मामलों की पुष्टि की है, इनमें से 36,221 मामले वर्ष 2024 में सामने आए हैं और 5,149 मामले पहले के थे, जिन्हें पिछले साल सत्यापित किया गया। इसके अलावा 'द लैंसेट जर्नल' की एक हालिया रपट के मुताबिक, 1990 से 2023 के बीच दुनिया के 200 से ज्यादा देशों में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के मामले बढ़े हैं। इसमें गौर करने वाली बात यह भी है कि सामान्य मामलों में बहुत से लोग पुलिस के पास अपने बच्चों के खिलाफ हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार की शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाते हैं। जाहिर है कि वास्तविक मामलों की संख्या सत्यापित आंकड़ों से कहीं ज्यादा हो सकती है। दअरसल, सरकारों, नीति निर्माताओं और यूनिसेफ जैसे संगठनों पर बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने की जिम्मेदारी है और उन्हें अपने प्रयासों का गंभीरता से आकलन करना होगा। इसके अलावा धार्मिक और सामाजिक संगठनों से भी सहयोग की उम्मीद की जाती है। बच्चों में व्यक्तिगत सुरक्षा को बढ़ावा देना, बाल संरक्षण नीतियों को कड़ाई से लागू करना और अभिभावकों को जागरुक करने पर भी प्रमुखता से ध्यान देने की जरूरत है।

आचार्य महाप्रज्ञ का 106 वां जन्म दिवस- 23 जून, 2025

# नया मानव: नया विश्व के प्रणेता थे आचार्य महाप्रज्ञ



– ललित गर्ग –

प्राचीन समय से लेकर आधुनिक समय तक अनेकों साधकों, आचार्यों, मनीषियों, दार्शनिकों, ऋषियों ने अपने मूल्यवान अवदानों से भारत की आध्यात्मिक परम्परा को समृद्ध किया है, उनमें प्रमुख नाम रहा है - आचार्य महाप्रज्ञ। अपने समय के महान् दार्शनिक, धर्मगुरु, संत एवं मनीषी के रूप में जिनका नाम अत्यंत आदर एवं गौरव के साथ लिया जाता है। वे ईश्वर के सच्चे दूत थे, जिन्होंने जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक आदर्श समाज रचना का साकार किया है, वे ऐसे क्रांतद्रष्टा धर्मगुरु थे, जिन्होंने देश की नैतिक आत्मा को जागृत करने का भगीरथ प्रयत्न किया। वे एक अनूठे एवं गहन साधक थे, जिन्होंने जन-जन को स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार की क्षमता प्रदत्त की। वे ऊर्जा का एक पूंज थे, प्रतिभा एवं पुरुषार्थ का पर्याय थे। इन सब विशेषताओं और विलक्षणताओं के बावजूद उनमें तनिक भी अहंकार नहीं था। आचार्य महाप्रज्ञ का जन्म हिन्दू तिथि के अनुसार विक्रम संवत 1977, आषाढ़ कृष्ण त्रयोदशी को राजस्थान के झुंझनू जिले के एक छोटे-से गांव टमकोर गाँव में हुआ था, जो इस वर्ष 23 जून, 2025 को हैं।

आचार्य महाप्रज्ञ बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध एवं इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ के ऐसे पावन एवं विलक्षण अस्तित्व थे जिन्होंने युग के कैनवास पर नए सपने उतारे, जिन्होंने धर्मक्रांति के साथ व्यक्ति एवं समाजक्रांति का शंखनाद किया। वे व्यक्ति नहीं, संपूर्ण संस्कृति थे। दर्शन थे, इतिहास थे, विज्ञान थे। आपका व्यक्तित्व अनगिन विलक्षणताओं का दस्तावेज रहा है। तपस्विता, यशस्विता और मनस्विता आपके व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व में घुले-मिले तत्त्व थे, जिन्हें कभी अलग नहीं देखा जा सकता। आपकी विचार दृष्टि से सृष्टि का कोई भी कोना, कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा। विस्तृत ललाट, करुणामय नेत्र तथा ओजस्वी वाणी-ये थे आपकी प्रथम दर्शन में होने वाली बाह्य पहचान। आपका पवित्र जीवन, पारदर्शी व्यक्तित्व और उम्दा चरित्र हर किसी को अभिभूत कर देता था, अपनत्व के घेरे में बाँध लेता था। आपकी आंतरिक पहचान थी-अंतःकरण में उमड़ता हुआ करुणा का सागर, सौम्यता और पवित्रता से भरा आपका कोमल हृदय। इन चुंबकीय विशेषताओं के कारण आपके संपर्क में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति आपकी अलौकिकता से अभिभूत हो जाता था और वह बोल उठता था- कितना अद्भुत! कितना विलक्षण!! कितना विरल!!! आपकी मेधा के हिमालय से प्रज्ञा के तथा हृदय के मंदरांचल से अनहद प्रेम और नम्रता के असंख्य झरने निरंतर बहते रहते थे। इसका मूल उद्गम केंद्र था-लक्ष्य के प्रति तथा अपने परम गुरु आचार्य तुलसी के प्रति समर्पण भाव।

आचार्य महाप्रज्ञ को हम बीसवीं एवं इक्कीसवीं सदी के एक ऐसी आलोकधर्मी परंपरा का विस्तार कह सकते हैं, जिस परंपरा को महावीर, बुद्ध, गांधी और आचार्य तुलसी ने आलोकित किया है। अतीत की यह



आलोकधर्मी परंपरा धुंधली होने लगी, इस धुंधली होती परंपरा को आचार्य महाप्रज्ञ ने एक नई दृष्टि प्रदान की थी। इस नई दृष्टि ने एक नए मनुष्य का, एक नए जगत का, एक नए युग का सूत्रपात किया था। इस सूत्रपात का आधार आचार्य महाप्रज्ञ ने जहाँ अतीत की यादों को बनाया, वहीं उनका वर्तमान का पुरुषार्थ और भविष्य के सपने भी इसमें योगभूत बने। प्रेक्षाध्यान की कला और एक नए मनुष्य- आध्यात्मिक-वैज्ञानिक व्यक्तित्व के जीवन- दर्शन को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए वे प्रयत्नशील थे। उनके इन प्रयत्नों में न केवल भारत देश के लोग बल्कि पश्चिमी राष्ट्रों के लोग भी जीवन के गहरे रहस्यों को जानने और समझने के लिए उनके इर्द-गिर्द देखे गये थे। आचार्य महाप्रज्ञ ने उन्हें बताया कि ध्यान ही जीवन में सार्थकता के फूलों को खिलाने में सहयोगी सिद्ध हो सकता है।

आचार्य महाप्रज्ञ जितने दार्शनिक थे, उतने ही बड़े एवं सिद्ध योगी भी थे। वे दर्शन की भूमिका पर खड़े होकर अपने समाज और देश की ही नहीं, विश्व की समस्याओं को देखते थे। जो समस्या को सही कोण से देखता है, वही उसका समाधान खोज पाता है। आचार्यश्री जब योग की भूमिका पर आरूढ़ होते थे, तो किसी भी समस्या को असमाहित नहीं छोड़ते। उन्होंने हिंसा, आतंक एवं युद्ध की समस्या के समाधान के लिये राजनीति, समाज और धर्म के लोगों मिल-जुलकर प्रयत्न करने का आह्वान किया। इसी ध्येय को लेकर उन्होंने समान विचारधारा के लोगों को एक मंच पर लाने का प्रयत्न किया और उसे नाम दिया अहिंसा समवाय।

आचार्य महाप्रज्ञ ने मानव चेतना के विकास के हर पहलू को उजागर किया। कृष्ण, महावीर, बुद्ध, जीसस के साथ ही साथ भारतीय अध्यात्म आकाश के अनेक संतों- आदि शंकराचार्य, कबीर, नानक, रैदास, मीरा आदि की परंपरा से ऐसे जीवन मूल्यों को चुन-चुनकर युग की त्रासदी एवं उसकी चुनौतियों को समाहित करने का अनूठा कार्य उन्होंने किया। जीवन का ऐसा कोई भी आयाम नहीं है जो उनके प्रवचनों/विचारों से अस्पर्शित रहा हो। योग, तंत्र, मंत्र, यंत्र, साधना, ध्यान आदि के गूढ़ रहस्यों पर उन्होंने सविस्तार प्रकाश डाला है। साथ ही राजनीति, कला, विज्ञान, मनोविज्ञान, दर्शन, शिक्षा, परिवार, समाज, गरीबी, जनसंख्या विस्फोट, पर्यावरण, हिंसा, जातीयता, राजनीतिक अपराधीकरण, लोकतंत्र की विसंगतियों, संभावित परमाणु युद्ध का विश्व संकट जैसे अनेक विषयों पर भी अपनी क्रांतिकारी जीवन-दृष्टि प्रदत्त की है।

जीवन के नौवें दशक में आचार्य महाप्रज्ञ का विशेष जोर अहिंसा पर रहा। इसका कारण सारा संसार हिंसा के महाप्रलय से भयभीत और आतंकित होना था। जातीय उन्माद, सांप्रदायिक विद्वेष और जीवन की प्राथमिक आवश्यकताओं का अभाव-ऐसे कारण थे जो हिंसा को बढ़ावा दे रहे थे और इन्हीं कारणों को नियंत्रित करने के लिए आचार्य महाप्रज्ञ प्रयत्नशील थे। इन विविध प्रयत्नों में उनका एक अभिनव उपक्रम था-'अहिंसा यात्रा'। अहिंसा यात्रा ऐसा आंदोलन बना, जो समूची मानव जाति के हित का चिंतन कर रहा था। अहिंसा की योजना को क्रियान्वित करने के लिए ही उन्होंने पदयात्रा के सशक्त माध्यम को चुना।

आचार्य श्री महाप्रज्ञ का जीवन इतना महान और महनीय था कि किसी एक लेख, किसी एक ग्रंथ में उसे समेटना मुश्किल है। यों तो आचार्य महाप्रज्ञ की महानता से जुड़े अनेक पक्ष हैं। लेकिन उनमें महत्त्वपूर्ण पक्ष है उनकी संत चेतना, आँखों में छलकती करुणा, सोच में अहिंसा, दर्शन में अनेकांतवाद, भाषा में कल्याणकारिता, हाथों में पुरुषार्थ और पैरों में लक्ष्य तक पहुँचने की गतिशीलता। आचार्य महाप्रज्ञ जैसे महामानव विरल होते हैं। कहा जा सकता है कि आचार्य महाप्रज्ञ ऐसे सृजनधर्मा साहित्यकार, विचारक एवं दार्शनिक मनीषी थे जिन्होंने प्राचीन मूल्यों को नये परिधान में प्रस्तुत किया। उनका रचित साहित्य राष्ट्र, समाज एवं सम्पूर्ण मानवता को प्रभावित एवं प्रेरित करता रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे उनके निकट रहने, उनके कार्यक्रमों से जुड़ने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर मिला। मुझे उनका असीम आशीर्वाद प्राप्त हुआ और मुझे पहला आचार्य महाप्रज्ञ प्रतिभा पुरुस्कार भी उन्ही के सान्निध्य में मिला। मेरा जीवन सचमुच ऐसे महापुरुष की सन्निधि से धन्य बना। आचार्य महाप्रज्ञ के निर्माण की बुनियाद भाग्य भरोसे नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, पुरुषार्थी प्रयत्न और तेजस्वी संकल्प से बनी थी। हम समाज एवं राष्ट्र के सपनों को सच बनाने में सचेतन बनें, यही आचार्य महाप्रज्ञ की प्रेरणा थी और इसी प्रेरणा को जीवन-ध्येय बनाना उस महामानव के जन्म दिवस को मनाने की सच्ची सार्थकता है।

# सिक्के और डिजिटल लेन-देन

राकेश दुबे

हमारे देश में जैसे-जैसे डिजिटल लेन-देन बढ़ रहा है, वैसे-वैसे मामूली सिक्के, जो कभी हमारी वाणिज्यिक दुनिया और संस्कृति का आधार था, गुमनामी की गर्त में जा रहे हैं। हाल में जारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट ने 2023-24 की तुलना में 2024-25 में प्रचलन में सिक्कों की मात्रा में मात्र 3.6 फीसदी वृद्धि दर्ज की है, जो 2016-17 की 8.5 फीसदी बढ़ोतरी के मुकाबले बहुत कम है। यह वही वित्तीय साल (2016-17) था, जिस वर्ष यूपीआई लॉन्च किया गया था। इस वित्त वर्ष यानी 2024-25 में सिक्कों का मूल्य केवल 9.6 फीसदी बढ़ा, जो 2016-17 के 14.7 फीसदी से कम है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के अनुसार, मार्च 2017 में यूपीआई लेनदेन 6.4 मिलियन (2,425 करोड़) से बढ़कर मार्च 2025 तक 18.3 बिलियन (24,77,221 करोड़) हो गया। ये तथ्य व आंकड़े ऐसी कहानी सुनाते हैं, जिसमें दर्ज होते नए किस्से यूपीआई की चमक से सिक्कों का भविष्य धुंधलके में ठेलते जा रहे हैं।

भारत में सिक्के का महत्व केवल मुद्रा के रूप में या वित्तीय लेनदेन के मुकाबले कहीं अधिक रहा है। वे प्रागैतिहासिक काल से ही सत्ता, शासन और पहचान के प्रतीक रहे हैं। मौर्यकालीन पंच-मार्क वाले सिक्कों से लेकर गुप्तों के सोने के दीनार तक, मुद्रा पर शासक वंश की मुहर लगी हुई थी, जो संप्रभुता का प्रतीक थी। तुगलक काल के दौरान, पीतल और तांबे से बने टोकन सिक्कों सहित मुद्रा के साथ मुहम्मद बिन तुगलक के प्रयोगों ने नवाचार और अराजकता दोनों को दर्शाया। सिक्के हमेशा धातु के नहीं होते थे; कुछ कालावधियों में चमड़े के सिक्कों का इस्तेमाल भी किया गया। ऐसे उदाहरण धातुओं की अनुपलब्धता और टकसालों द्वारा पर्याप्त मात्रा में ढलाई नहीं कर पाने के हालात में मुद्रा की अनुकूलनशीलता के प्रमाण थे। सभी किस्सों के ये सिक्के केवल व्यापार के उपकरण नहीं थे, बल्कि हमारे इतिहास के वाहक थे, जो उनके निर्माताओं की महत्वाकांक्षाओं और सौंदर्यशास्त्र से उकेरे गए थे। सिक्कों और रुपयों की अनंत कहानियां हैं जिसमें आधुनिक किस्म के ब्रिटिश काल की मुद्राएं शामिल होती हैं। इनमें इकन्नी-दुअन्नी (1 पैसा, 2 पैसा) भी था और वजनदार एक रुपया भी था, जो एक आम इंसान के लिए बड़ी उपलब्धि हुआ करता था। हालांकि बात सिक्कों की हो रही है, लेकिन इस पूरे सिलसिले में रुपया भी आता है। चाहे वह नोट की शक्ल में हो या सिक्कों के रूप में, इस भारतीय रुपये का अपना एक गौरवशाली इतिहास है।

मुद्रा के तौर पर सिक्कों के विविध रूपों ने भारतीय भाषा और संस्कृति के ताने-बाने में भी खुद को स्थापित किया। कई हिंदी कहावतें और मुहावरे उनके महत्व को दर्शाते हैं। जैसे, कौड़ी-कौड़ी जोड़ना, पाई-पाई का हिसाब रखना, सिक्का चलना और खोटा सिक्का। दो कौड़ी का आदमी नहीं होना, बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया, पैसे का पेड़ लगा है क्या चमड़ी जाए पर दमड़ी न जाए, पैसा हाथ की मैल है और आमदनी अठन्नी, खर्चा रुपय्या, आदि कहावतें-मुहावरे हमारे देश की एक समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। सिक्का-आधारित अर्थव्यवस्था में पैदा हुए ये भाव दैनिक जीवन में मुद्रा का स्पर्शनीय और प्रतीकात्मक महत्व दर्शाते हैं।

हालांकि डिजिटल लहर के बावजूद, खासकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सिक्के लाखों लोगों के लिए महत्वपूर्ण बने हुए हैं। तथ्य बताते हैं कि 31 मार्च, 2025 तक, हमारे देश में 50 पैसे, 1, 2, 5, 10 और 20 जैसे मूल्यवर्ग के सिक्कों की कुल मात्रा 13.7 लाख थी, जिसका मूल्य 36,589 करोड़ था। 1, 2 और 5 के सिक्कों की कुल मात्रा में 81.6 प्रतिशत और मूल्य में 64.2 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जो कम मूल्य के लेन-देन में उनके प्रभुत्व को रेखांकित करता है। छोटे खुदरा विक्रेताओं, सड़क विक्रेताओं, बसों और मंदिरों जैसे स्थानों पर अपनी उपयोगिता के कारण सिक्के आज भी अपरिहार्य हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जहां डिजिटल बुनियादी ढांचा विरल या गैर-भरोसेमंद है।

# क्या नरसंहार की इबारत लिखने वाले देश तय करेंगे कि परमाणु शस्त्र कौन रखे ?

तनवीर जाफ़री

इस्राईल -ईरान के बीच छिड़े आधुनिक युद्ध ने पूरे विश्व को स्तब्ध व चिंतित कर दिया है। इस्राईल गत कई वर्षों से ईरान को युद्ध में खींचने की पूरी कोशिश कर रहा था परन्तु ईरान सीधे युद्ध में कूदने से बचता आ रहा था। परन्तु गत 13 जून को इस्राईल ने ईरान पर एक बड़ा हवाई हमला कर दिया। इस हमले के कुछ ही समय बाद इस्राईली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने एक टी वी प्रसारण में इस हमले को उचित ठहराते हुये ईरान पर परमाणु बम बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया और अपनी चिंता दोहराई कि ईरान का परमाणु बम इस्राईल को नष्ट कर सकता है। इस्राईल ने ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सेना कमांडर भी मार दिये। इस्राईल ने 13 जून को ईरान पर हमला उस समय किया जबकि दो दिन बाद ही यानी 15 जून को ईरान और अमरीका के मध्य परमाणु समझौता होने की तारीख़ तय थी और यह समझौता किसी निष्कर्ष पर पहुँचने की उम्मीद भी की जा रही थी। परन्तु इस्राईल ने समझौते के पहले ही हमला कर ईरान को बड़ा धोका दे दिया। इस्राईली हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी यह कहकर सबको चौंका दिया कि उन्हें इस हमले की पहले से जानकारी थी और इस हमले में कई ईरानी कट्टरपंथी (परमाणु वार्ताकार) मारे गए हैं। उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि अगर वह समझौता नहीं करता, तो और बड़े हमले झेलने पड़ सकते हैं। यही नहीं बल्कि ट्रंप ने इस्राईल की पीठ थपथपाते हुये इस्राईली हमलों को ÷शानदार÷ बताया और कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की इच्छा छोड़नी होगी। साथ ही ट्रंप ने अमेरिका को इस्राईल का सबसे बड़ा सहयोगी भी बताया। साफ़ है ईरान पर इस्राईल द्वारा धोखे से किये गये इस हमले का अमेरिका भी बराबर का साझीदार है।

अब ज़रा 2003 के उस दौर को भी याद कीजिये जब इराक़ में सद्दाम हुसैन के शासनकाल में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश प्रशासन, ने यह दावा किया था कि सद्दाम हुसैन के पास रासायनिक, जैविक और संभवतः परमाणु हथियार भी हैं



जो वैश्विक सुरक्षा के लिए ख़तरा हो सकते हैं। यह दावा ख़ुफ़िया जानकारी पर आधारित बताया गया था। इसी %ख़ुफ़िया जानकारी% को बहाना बनाकर अमेरिका ने ÷ऑपरेशन इराक़ी फ़्रीडम÷ के नाम से इराक़ पर बड़ी सैन्य कार्रवाई की और इराक़ को तबाह कर के छोड़ा। यहाँ तक कि स्थानीय अदालत का गठन कर सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ा दिया। इराक़ में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां रासायनिक, जैविक और सामूहिक विनाश के हथियार होने की जानकारी ग़लत साबित हुई। वहां ऐसे हथियार होने के कोई सबूत नहीं मिले।

बहरहाल आज वही अमेरिका जिसने केवल इराक़ ही तबाह करने की कोशिश नहीं की बल्कि वह जापान पर 6 और 9 अगस्त 1945 को परमाणु बम गिराने का भी गुनहगार है.वह अमेरिका जो कोरिया,ग्वाटेमाला, इंडोनेशिया, क्यूबा, कांगो, लाओस, वियतनाम,कंबोडिया, ग्रेनेडा,लेबनान,सीरिया,लीबिया,अल साल्वाडोर, निकारागुआ, ईरान(1987) पनामा,इराक़,कुवैत, सोमालिया, बोस्निया, सूडान, अफ़ग़ानिस्तान, योगोस्लाविया जैसे देशों पर हमले करने व वहां की सत्ता को अस्थिर करने का ज़िम्मेदार हो, क्या वह अमेरिका तय करेगा कि किस देश को परमाणु शस्त्र रखना चाहिए और किसे नहीं ? या फिर फ़िलिस्तीन की ज़मीन पर अमेरिका ब्रिटेन की शह पर क़ब्ज़ा जमाये बैठा वह अवैध देश इस्राईल जिसपर ग़ज़ा में लगभग 82,000 लोगों को मारने व लगभग 20 लाख लोगों को बेघर कर क्षेत्र में मानवीय संकट खड़ा का आरोप है वह तय करेगा कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिए और किसे नहीं? जो देश स्वयं पूरे विश्व में अस्थिरता फैलाने,क्षेत्रीय संघर्ष भड़काने,शस्त्रों के व्यवसाय तथा तेल जैसी सम्पदा पर गिद्ध दृष्टि रखते हों पड़ोसी देशों में फूट डलवाकर युद्ध भड़काना ही जिनका वयवसाय बन चुका हो वह देश कैसे निर्धारित कर सकते हैं कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिये किसे नहीं ?

निश्चित रूप से युद्ध से बुरी कोई स्थिति नहीं होती। हमेशा इस त्रासदी का शिकार बेक़ुसूर महिलाएं,बच्चे व बुज़ुर्ग होते आये हैं। युद्ध से मानवता आहात होती है। सही मायने में तो पूरे विश्व को ही न केवल परमाणु शस्त्र मुक्त बल्कि पूरा विश्व निःशस्त्र भी होना चाहिये। परन्तु अमेरिका इज़राईल जैसे देशों द्वारा जब अपनी ताक़त का दुरूपयोग दशकों से किया जाता रहा हो और यह सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा हो ऐसे में इन्हें वाक ओवर देने के बजाये इनके सामने अपने स्वाभिमान के लिये संकल्पबद्ध होकर खड़े होना कौन सा जुर्म है ? अमेरिका व इस्राईल के सामने ईरान के सिर उठाकर खड़े होने जैसे फ़ौलादी इरादों की आज दुनिया सराहना कर रही है। परन्तु यह देश आज कभी ईरान के निष्कासित रज़ा शाह पहलवी के पुत्र के काँधे पर सवार होकर तो कभी भीतरी फूट डालकर कभी मोसाद का इस्तेमाल कर ईरान को अस्थिर करने की पुरज़ोर कोशिश में लगा है। इनकी गिद्ध दृष्टि इस बात पर टिकी है कि किसी तरह वर्तमान संकल्पवान व स्वाभिमानी ईरानी सत्ता को बेदख़ल कर अपनी पिट्ठू सरकार बनाई जाये और ईरान को अस्थिर कर यहाँ भी मनमर्ज़ी से तेल दोहन किया जा सके। परन्तु शहादत को अपना आभूषण समझने व दास्तान ए करबला से प्रेरणा लेना वाला यह देश अमेरिका व इज़राईल की घुड़कियों को कुछ भी नहीं समझ रहा। क्या ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार नहीं ? क्या नरसंहार की इबारत लिखने वाले देश ही यह तय करेंगे कि परमाणु शस्त्र कौन रखे और कौन न रखे ?

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस

# खेल के माध्यम से मनुष्य के अंदर साहस की भावना , मानवीयता , संघर्षशीलता की भावना का विकास होता है



– योग गुरु महेश अग्रवाल

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से निःशुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है। वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है। योग प्रशिक्षण के दौरान केंद्र पर सभी समाज की जयंती, महापुरुषों की जयंती, सभी धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय पर्व उत्साह पूर्वक मनाये जाते है, स्वच्छता, नशामुक्ति वृक्षारोपण, पर्यावरण, शिक्षा, खेलकूद जैसे विषय पर जागरूकता अभियान एवं सभी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय दिवस धूमधाम से मनाते हुए साधकों स्वस्थ रहते हुए सेवा कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर योग गुरु अग्रवाल ने कहा कि खेलों से साहस, उत्साह, सम्मान, निष्पक्षता, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, आज्ञाकारिता, संघर्ष- भावना, विजय की आकांक्षा, संगठन, उद्देश्य आदि चारित्रिक विशेषताओं का सहज ही समावेश हो जाता हैं। ये गुण ही मानव के भावी जीवन की सफलता के प्रतीक हैं। ओलंपिक खेल का आयोजन प्रति चार वर्षो में अंतराष्ट्रीय खेल समिति द्वारा किया जाता है। यह विश्व में होने वाली अग्रणी खेल प्रतियोगिता है, इसमे 200 से अधिक देश हिस्सा लेते है। इस प्रतियोगिता में कई तरह के ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन खेल होते है। ओलिम्पिक का झण्डा सफेद सिल्क कपड़े का बना हुआ है जिसमे पांच छल्ले लगे हुए है यह छल्ले लाल, पिले, हरे, नीले तथा काले रंग के है। यह सभी छल्ले आपस मे जुड़े हुए है जिसका अर्थ है मैत्री एवम सहयोग। ये पाँच छल्ले पाँच महाद्वीप के प्रतिनिधित्व करते है।ओलिम्पिक मशाल का प्रयोग ओलिम्पिक को प्रज्वलित करने के लिए किया जाता है। ओलिम्पिक मशाल को 1928 के ओलिम्पिक खेलों में सम्मिलित किया गया था। इस मशाल की खास बात ये है कि इसे ओलिंपिक खेलों से पूर्व ही प्रज्वलित कर दिया जाता है, इस मशाल को यूनान के ओलम्पिया में जलाया जाता है तथा विमानों तथा समुद्री जहाजो की मदद से से प्रयोजक देश तक पहुंचाया जाता है। मशाल के साथ धावक स्टेडियम में प्रवेश करता है तथा ज्वाला को प्रज्वलित करता है। यह गोपनीय रखा जाता है। ज्वाला के प्रज्वलित होते ही ओलिम्पिक खेले आरम्भ हो जाती है। ओलंपिक एक अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल आयोजन है, जिसमें दुनिया भर के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। ओलंपिक खेलों का आयोजन हर चार साल में एक बार किया जाता है, और इसमें ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन ओलंपिक दोनों शामिल हैं।ओलंपिक खेल भावना, टीम वर्क, और निष्पक्षता को बढ़ावा देते हैं। ओलंपिक विभिन्न देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करते हैं। ओलंपिक मशाल का प्रज्वलन ओलंपिक खेलों की शुरुआत का प्रतीक है।खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर स्वर्ण, रजत, और कांस्य पदक प्रदान किए जाते हैं।खिलाड़ी और अधिकारी ओलंपिक शपथ लेते हैं, जिसमें वे निष्पक्षता और खेल भावना का पालन करने का वादा करते हैं। ओलंपिक विभिन्न खेलों को बढ़ावा देते हैं और खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करते हैं।ओलंपिक विभिन्न देशों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। ओलंपिक खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए प्रेरणा और उत्साह का स्त्रोत होते हैं।

ओलंपिक, योग, और अध्यात्म सभी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, आत्म-नियंत्रण, और आत्म- जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। ये तीनों एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं और व्यक्तियों को अपने जीवन में संतुलन और उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं। कई ओलंपिक एथलीट अपने प्रशिक्षण में योग को शामिल करते हैं ताकि वे अपने शारीरिक और मानसिक प्रदर्शन में सुधार कर सकें। योग एथलीटों को मानसिक रूप से तैयार करने में मदद करता है, जिससे वे दबाव में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।



ओलंपिक एथलीटों के लिए योग अभ्यास बहुत फायदेमंद हो सकता है। योग अभ्यास सूर्य नमस्कार एक पूर्ण शरीर का व्यायाम है जो लचीलापन, शक्ति और सहनशक्ति को बढ़ावा देता है। वृक्षासन एक संतुलन और एकाग्रता का अभ्यास है जो एथलीटों को अपने संतुलन और एकाग्रता में सुधार करने में मदद करता है। वीरभद्रासन एक शक्ति और लचीलापन का अभ्यास है जो एथलीटों को अपने पैरों और कूल्हों को मजबूत करने में मदद करता है। भुजंगासन एक पीठ और पेट का व्यायाम है जो एथलीटों को अपनी पीठ और पेट की मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद करता है। शवासन एक विश्राम और तनावमुक्ति का अभ्यास है जो एथलीटों को अपने मानसिक और शारीरिक तनाव को कम करने में मदद करता है। योग शारीरिक लचीलापन और शक्ति को बढ़ावा देता है। योग मानसिक शांति और एकाग्रता को बढ़ावा देता है। योग चोटों की रोकथाम में मदद करता है। योग तेजी से रिकवरी में मदद करता है।

ओलंपिक एथलीटों के लिए योग अभ्यास बहुत फायदेमंद हो सकता है। योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, चोटों की रोकथाम, और रिकवरी में मदद करता है।

योग गुरु अग्रवाल नें इस अवसर पर विशेष योग और शारीरिक स्वास्थ्य विज्ञान के बारें में बताया कि योग का मनोदैहिक पक्ष अति महत्त्वपूर्ण है। यह प्राचीन विज्ञान मानव को मात्र एक जैव इकाई नहीं मानता। प्राचीन चिन्तकों ने मन के कार्यों और उसकी आन्तरिक संरचना पर अधिक ध्यान दिया है। आज, मनोविज्ञान ने भी अपने शोध क्षेत्र में इस मौलिक पक्ष को स्वीकार किया है और शरीर एवं मन के अन्तर्सम्बन्धों को अधिक से अधिक समझ रहा है।अत-यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि किसी भी कार्य क्षेत्र में मनुष्य की प्रगति के लिए न केवल उसको शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए, वरन् उसका मानसिक रूप से स्वस्थ होना भी अनिवार्य है। योग के क्षेत्र में मानव की उच्चतम प्रगति के लिए उसके स्वस्थ और समन्वित व्यक्तित्व के विकास को योग ने सदा ही अपना लक्ष्य माना है। अतः यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं कि महर्षि पतञ्जलि अपनी अष्टांग- योग-पद्धति में दोनों पक्षों-बहिरंग और अन्तरंग को योग की पूर्णता के लिए आवश्यक मानते हैं। प्रथम कोटि में आते हैं-यम, नियम, आसन और प्राणायाम तथा द्वितीय कोटि में आते हैं- प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। प्रथम चार शारीरिक स्वास्थ्य के मौलिक तत्त्व हैं। यम, नियम, आसन और प्राणायाम सबके शारीरिक स्वास्थ्य के चार आधार स्तम्भ हैं। फिर हठयोग छः शुद्धिकारक तकनीकों, नेति, धौति, बस्ति, नौलि, त्राटक और कपालभाति को षट्कर्म के रूप में रखता है। ये सभी शारीरिक स्वास्थ्य विज्ञान की महत्त्वपूर्ण तकनीकें हैं। प्राचीन योग विज्ञान ने मेरुरज्जु और मस्तिष्क को केन्द्रीय तन्त्रिका तन्त्र के अवयव के रूप में माना है तथा उनको स्वस्थ रखने पर बल दिया है।

अतः शरीर को स्वस्थ एवं चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए आसन, प्राणायाम और मुद्रा मुख्य विधियाँ हैं। ये स्वास्थ्य मुख्य आधार हैं, क्योंकि योग में लम्बे काल तक एक ही स्थिति में बैठकर भी अभ्यास करना होता है। आसन केवल शारीरिक व्यायाम नहीं हैं, बल्कि विभिन्न शारीरिक स्थितियाँ हैं जो मांसपेशियों को प्रभावित करती हैं।

केन्द्रीय तन्त्रिका तन्त्र समस्त ऊर्जा का भंडार है। शरीर में कई अप्रकट केन्द्र भी हैं जो निष्क्रिय हैं और उन्हें सक्रिय करने की आवश्यकता है। आसन इसमें कुछ हद तक सहायक होते हैं। हालाँकि कुल आसनों की संख्या चौरासी हैं, पर उनमें कुछ ही मुख्य हैं। पीछे झुकने वाले आसन, जैसे- भुजंगासन, शलभासन और धनुरासन; आगे झुकने वाले आसन, जैसे-हलासन और पश्चिमोत्तानासन, मुड़ने वाले आसन, जैसे-अर्द्ध मत्स्येन्द्रासन; सिर के बल किये जाने वाले आसन, जैसे- सर्वांगासन, शीर्षासन, ये सभी मेरुदण्ड को लचीला बनाए रखते हैं। ऊपर वर्णित षट्कर्म केवल आन्तरिक अंगों को शुद्ध रखने में सहायक होते हैं। शरीर में केन्द्रीय तन्त्रिका तन्त्र ही महत्त्वपूर्ण नहीं है। अन्तःस्त्रावी ग्रन्थियाँ, जैसे-पीनियल, पीयूष, चुल्लिका, उप-चुल्लिका, थाइमस आदि भी हैं। ये हारमोन स्त्रावित करती हैं जो सीधे रक्त प्रवाह में जाते हैं। अत-यह आवश्यक है कि इन्हें समुचित रूप से क्रियाशील रखा जाय, क्योंकि ये न केवल स्थूल शरीर-संरचना के विकास में योगदान देती हैं, वरन् सूक्ष्म रूप से व्यक्तित्व संरचना को भी प्रभावित करती हैं। इस प्रकार योग शारीरिक मनोविज्ञान के क्षेत्र में प्रविष्ट हो जाता है।

तीसरी महत्त्वपूर्ण विधि है, प्राणायाम। इसके द्विपक्षीय प्रभाव होते हैं। यह शरीर तन्त्र को शुद्ध एवं स्वस्थ रखने में सहायक होता है तथा मनुष्य के मनो-भावनात्मक अस्तित्व को नियन्त्रित, व्यवस्थित और निर्देशित करता है। प्राणायाम का अर्थ है नियन्त्रित लयबद्ध व्यवस्थित श्वसन। प्राण शरीर में सार्वभौम ब्रह्माण्डीय ऊर्जा की स्थूल अभिव्यक्ति है। ब्रह्माण्डीय ऊर्जा समस्त सचेतन अस्तित्व को जीवन प्रदान करती है।

अतः योग के पास शारीरिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में देने के लिए काफी कुछ है। तथा उसे वहाँ एक प्रभावशाली एवं वैज्ञानिक भूमिका निभानी है। ओलंपिक दिवस एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आयोजन है जो खेल, संस्कृति, और शिक्षा को बढ़ावा देता है। यह आयोजन न केवल एक खेल प्रतियोगिता है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जो लोगों को एक साथ लाता है और उन्हें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## शव वाहन के लिए प्रतिवर्ष देंगे 200 लीटर डीजल दान



**विदिशा ।** सभी धर्मो के मृत शरीरों को शव वाहन से निःशुल्क विदा करने वाली संस्था विकास पचौरी फाउण्डेशन को शव वाहन में लगने वाले डीज़ल की नियमित पूर्ती के लिए सेठ सितावराय लक्ष्मीचंद्र जैन ट्रस्ट के प्रमुख संजय सेठ ने श्रीमंत सेठ लक्ष्मीचन्द जी की पुण्य स्मृति में 200 लीटर डीजल प्रतिवर्ष दान करने की घोषणा की एवं प्रथम दान का चैक संस्था के सेवक मंडल के सदस्य अतुल शाह,संदीप जैन रौनक एवं ऋषि जालोरी को सौंपा. उल्लेखनीय है कि मानव सेवा में कार्यरत संस्था विकास पचौरी फाउण्डेशन बीते बरसों में 6 हजार से अधिक मृत शरीरों को अपने निःशुल्क शव वाहन से उनके निवास से मुक्तिधाम अथवा दूर गाँव ले जाकर निःशुल्क विदाई की सेवा कर चुकी है,इसके साथ साथ संस्था स्वेच्छा से किए दान सहयोग से संचालित होकर शव वाहन,शव फ्रीजर, देहदान, नेत्रदान, मरीज उपकरण दान एवं पुराने वस्त्रों का दान की सभी सेवाएँ निःशुल्क प्रदान कर रही है।

## भगवान् जिनेन्द्र देव तथा आचार्य श्री विधा सागर महाराज के चरण चिन्ह का हुआ नगर विहार



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** समवशरण विधान के समापन पर औबेदुल्लागंज जैन समाज ने भगवान् जिनेन्द्र देव की तथा आचार्य श्री विधा सागर महाराज जी के चरण चिन्ह की शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में पूज्य मुनि संघ तथा औबेदुल्लागंज, मंडीदीप, तामोट,दाहोद, भोपाल, खातेगांव, विदिशा, सुल्तानपुर आदि क्षेत्रों के सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे। मुनि संघ के आगे औबेदुल्लागंज का दिव्य घोष चल रहा था। सभी महिला पुरुष अपने हाथों में धर्म ध्वजा लेकर जयघोष के साथ चल रहे थे। नगर के व्यापारी बंधुओं ने भी भगवान् को श्री फल भेंट किये तथा आरती उतारी। अनेक स्थानों पर मुनि संघ का पाद प्रक्षालन किया गया। वापस आने पर भगवान् की मूर्ति का अभिषेक, शांति धारा की गई। जिसका सौभाग्य सुख नंदन संजीव जैन, पं लक्ष्मी चंद मुकेश जैन इजारदार परिवार, बच्चू लाल अरुण परिवार, पवन रीतेश जैन परिवार को प्राप्त हुआ। मुनि श्री निर्देश सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रत्येक मनुष्य को धर्म के कार्यों को बड़े उत्साह से श्रद्धा पूर्वक करना चाहिए। औबेदुल्लागंज जैन समाज ने जो उत्साह दिखाया है उसके लिए मंगल आशीर्वाद देता हूँ।

## रतलाम का कॉन्क्लेव कौशल विकास, रोजगार सृजन और उद्योगों का विकास करेगा

**रतलाम ।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में 27 जून को रतलाम में होने वाली रीजनल राइज कॉन्क्लेव के संबंध में विधायक शहर एवं कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कान्फ्रेस में कहा कि रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एंप्लॉयमेंट कॉन्क्लेव रतलाम के विकास की दिशा को बदलने का बहुत बड़ा कदम होगा। इसका नाम राइज रखा गया है, जिसका अर्थ उदय होता है। यह उदय मध्यप्रदेश के साथ रतलाम का भी है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जब से पदभार लिया है, उन्होंने उद्योग रोजगार को सबसे महत्वपूर्ण माना है। 2025 के वर्ष को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया है। पूर्व में आयोजित सभी 6 रीजनल कॉनक्लेव उद्योगों पर आधारित थे। रतलाम का कॉन्क्लेव पूरा नया प्रयोग है। इसमें कौशल विकास, रोजगार सृजन एवं औद्योगीकरण विकास पर आधारित होगा, जो तीनों एक दूसरे के पूरक हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, कलेक्टर राजेश बाथम, एमपीआईडीसी के निदेशक राजेश राठौड उपस्थित रहे। प्रेस कांफ्रेंस में मंत्री श्री काश्यप ने बताया कि उद्योगों की सफलता में अच्छी तकनीक वाले एम्पलाई का मिलना बहुत आवश्यक है। प्रदेश सरकार की कई योजनाएं ऐसी है जो स्वरोजगार को बढ़ावा देती है। देश के विकास का अगला मंत्र स्वरोजगार है। इसके साथ औद्योगीकरण के माध्यम से रोजगार के अवसर को बढ़ाना है।

# डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना के समर्थन में 25 को ग्वालियर में उपवास, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

**ग्वालियर।** आज ग्वालियर में आयोजित पत्रकार वार्ता में मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने संविधान के मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना के समर्थन में 25 जून को ग्वालियर में सूर्या नमस्कार तिराहा,पर 1 दिवसीय उपवास का आयोजन किया जा रहा है।

इस उपवास में मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी श्री हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

नायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिस व्यक्ति ने इस देश को संविधान दिया, उस डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में स्थापित होनी चाहिए, और इस पर कोई विरोध नहीं किया जाना चाहिए। इस विषय को जातिगत संघर्ष का रूप देने की कोशिश करने वालों की हम कड़ी आलोचना करते हैं।÷

उन्होंने आगे कहा कांग्रेस का रुख साफ है - पार्टी ना तो जातिवाद के साथ है, और ना ही किसी जाति विशेष के खिलाफ। कांग्रेस संविधान, संविधान




निर्माता और सामाजिक न्याय के पक्ष में खड़ी है। श्री नायक ने यह भी जोड़ा कि कोई भी ऐसा विचार जो सर्वकालिक और सर्वव्यापी न हो, वह इस देश में टिक नहीं सकता। इस उपवास के माध्यम से यह संदेश पूरे प्रदेश और देश को दिया जाएगा कि संविधान और सामाजिक समरसता से बड़ा कोई एजेंडा नहीं हो सकता।

उक्त पत्रकार वार्ता में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र शर्मा ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष प्रभु दयाल जोहरे प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता प्रवीण धौलपुरे, धर्मेंद्र शर्मा,आर पी सिंह, राम पांडेय, राहुल राज, अम्बिका शर्मा, प्रियंका शर्मा, सफाई कामगार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जयराज चौहान शहर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल शहर जिला कांग्रेस के प्रवक्ता पीयूष जैन आदि उपस्थित थे।

## नगरीय विकास से अछूती है शहर की सनसिटी कॉलोनी



**छतरपुर।** शहर के सभी वार्डों में नगरपालिका की ओर से विकास कार्य कराए जा रहे हैं लेकिन छतरपुर शहर के अंदर एक कॉलोनी ऐसी भी है जिसे पॉश इलाके का दर्जा तो है लेकिन वह अभी भी ग्राम पंचायत बगौता में अटैच है। सनसिटी कालोनी में व्याप्त तमाम समस्याओं को लेकर कालोनीवासियों ने एक बैठक आहुत की जिसमें छतरपुर विधायक ललिता यादव, भाजपा जिला महामंत्री एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र चौरसिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोनू यादव, वरिष्ठ पत्रकार पप्पू गुप्ता एवं पार्षद सुशील शिवहरे प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सनसिटी कालोनी प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर अग्रवाल ने छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव को बताया कि सनसिटी कालोनी को विकास की दृष्टि से उपेक्षित रखा गया है। छतरपुर नगरपालिका क्षेत्र में होने के बावजूद कालोनी को बगौता ग्राम पंचायत में जोड़ा गया है। नगरपालिका कालोनी के घरों से संपत्ति कर तो वसूल करती है लेकिन यहां सुविधाएं नाकाफी है। चौबे कालोनी से निकले नाले को सनसिटी कालोनी से जोड़ दिया गया है। नाला चोक हो जाने पर उसकी सफाई तो कराई गई लेकिन जाम अधिक होने के कारण उसके पाइप तोडक़र सफाई हो सकी। अब समस्या यह है कि बारिस के पूर्व नाला नहीं बन सका तो कालोनीवासियों को भारी समस्या होगी और जानवर गिरने के साथ ही बच्चों की जान को भी खतरा होगा।

### सीएमओ साहब नाला मोहल्ला, नाले को भी साफ करा दो

## वार्ड 25 और 26 के पार्षदों की उपेक्षा से वार्डवासी परेशान



**सांध्य प्रकाश-बीएल श्रीवास्तव - इटारसी,** बारिश की शुरुआत हो चुकी है , मौसम विभाग ने सोमवार को आंधी के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है, जिले में पांच मानसूनी सिस्टम सक्रिय हैं जिससे भारी बारिश कि संभावना मौसम विभाग ने जताई है । इटारसी शहर का पश्चिम क्षेत्र नाला मोहल्ला जो डूब क्षेत्र में आता है, यहां थोड़ी बारिश में ही जल भराव अधिक हो जाता है परंतु वार्ड 25 और 26 के पार्षदों कि उपेक्षा के चलते गली मोहल्ले में बनी छोटी-छोटी नालीयों की भी साफ सफाई नहीं हो पाई है। जिम्मेदार निरीक्षण करें तो पता चल जाएगा कि यहां की नालीयां गंदगी से पटी पड़ी है। यहां के मुक्कदम ओर सफाई कर्मियों पर नजर डालें तो वह घूमते फिरते हुए ही नजर आएंगे। छोटी-छोटी साफ सफाई के अलावा वह जिम्मेदारी से मुंह छिपाते नजर आएंगे ।? वार्ड 25-26 के रहवासियों से जब हमने इस दौरान वार्तालाप की तो उन्होंने कहा कि पार्षदों से उम्मीद थी कि वार्डो का कुछ विकास होगा परंतु यहां के पार्षदों से तो नाली और सड़क की सफाई भी नहीं हो पा रही है। चुनाव की जीत के बाद उन्हें कभी वार्ड में समस्या का जायजा लेते नहीं देखा, कुछ लोगों ने कहा कि हम वार्ड 25 और 26 के पार्षदों को पहचानते भी नहीं ऐसे में रहवासियों ने सीएमओ मैडम आप ही सफाई करा दो।

नगर पालिका परिषद बारिश के पूर्व शहर के सभी वार्डों की नदी-नालों कि सफाई करा रही रही है, यहां के मुख्य नाले की स्थिति देखें तो नालें कि किनारे बड़े-बड़े वृक्षों से पटी पड़ी है किनार पर वृक्षों ने विशाल रूप ले लिया है जिससे होने वाली बारिश से रहवासियों को जलभराव का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष भी नालें पर जेसीबी से सफाई अभियान नहीं चलाया गया था।

### इनका कहना

हम दिखावाते हैं अगर वहां सफाई नहीं हुई होगी तो हम वहां जेसीबी की मदद से सफाई करा देंगे।

नगर पालिका परिषद इटारसी
सीएमओ रितु मेहरा

### शराब सिंडीकेट में गुजरात लाइन की लड़ाई ठनी

# गठबंधन में शामिल आईएएस ,आईपीएस विभागीय अधिकारी भी आएंगे चपेट में

**धार।** शराब ठेकों में अप्रैल 2025 से बने नए कारोबारी गणित के बाद शराब ठेकेदारों के बीच गुजरात लाइन पर कब्जे और वर्चस्व की लड़ाई बुरी तरह ठन चुकी है। हालत यह हो गई है कि एक-दूसरे की गुजरात में जा रही गाड़ियों की सूचना लीक होने लगी है और इन्हें पकड़वाने के साथ ही अब ठेकेदारों के नाम भी एफआईआर में जुड़वाने की कोशिश की जा रही है। इस सिंडीकेट के कारोबार पर सरकार भी पूरी नजर रखे हुए है और जल्द ही इसमें बड़ा एक्सपोज़ होने वाला है।

इस एक्सपोज से उजागर होंगे : इस सिंडीकेट में धार जिले की दो डिस्टलरी भी निशाने पर हैं। इनसे कई गाड़ियां लगातार गुजरात जा रही हैं। अब इनकी जानकारियां ऊपर तक पहुंच गई हैं और ये दोनों डिस्टलरी तथा इनके संचालक निशाने पर हैं। यहां की एक डिस्टलरी की जांच तो तत्कालीन पीएस दीपाली रस्तोगी ने तत्कालीन संभागायुक्त इंदौर पवन शर्मा के जरिए करवाई थी और बड़ी कार्रवाई की तैयारी थी, लेकिन फिर शराब ठेकेदारों की लॉबी ने इस जांच को ही ठंडे बस्ते में डालवा दिया।

वहीं अब इस पूरे गठजोड़ में शामिल कुछ कलेक्टर , एसपी के साथ ही आबकारी विभाग के अधिकारियों के भी नामों पर नजर बनी हुई है। डायरियों में इन सभी को दिए जाने वाले हिसाब-किताब दर्ज हैं, जो इसी सिंडीकेट के जरिए वर्चस्व की लड़ाई में कभी भी उजागर हो सकते हैं। 'द सूत्र' के पास इस तरह की कुछ



जानकारियां भी पहुंची हैं।

परिवहन के बाद आबकारी डालेगा सरकार को मुश्किल मेंः कांग्रेस लगातार शराब की अधिक कीमतों और घोटालों को लेकर सरकार पर हमला बोल रही है। हाईकोर्ट ने भी इस मामले में नोटिस देकर जवाब मांगा है। पहले परिवहन विभाग के घोटाले और कांस्टेबल सौरभ शर्मा के कांड ने सरकार को उलझाया और अब आबकारी विभाग फंसाने वाला है। इसकी जो प्रारंभिक रिपोर्टे सामने आ रही हैं, वे सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी करने वाली हैं।

पहले भी मिले थे IAS, IPS के नाम ये पहली बार नहीं है कि जब शराब सिंडिकेट और ठेकेदारों के साथ द्वस, आईपीएस अधिकारियों के नाम और विभागीय अधिकारियों के नाम की बात सामने आ रही है। 10 साल पूर्व आयकर विभाग ने कुछ शराब ठेकेदारों पर बड़े छापे मारे थे। इसमें लैपटॉप पर और रजिस्टर में यहां तक हिसाब किताब था कि किस अधिकारी को महीने में कितनी राशि पहुंचाई जा रही है। इसमें विभाग अधिकारी भी थे और कई जिलों के बड़े ias और आईपीएस के भी इसमें नाम थे। बाद में आयकर विभाग ने यह डायरी लोकायुक्त को जांच के लिए दे दी। हालांकि बाद में मामला ठंडा कर दिया गया

इस तरह धार से शुरू हुई सिंडिकेट की लड़ाईत्र इंदौर से गुजरात लाइन (शराब को गुजरात में खपाने की अवैध सप्लाई लाइन) चलाने के लिए धार रूट सबसे अहम होता है। ऐसे में धार जिला ठेका लेने की सभी को चाह होती है। सूरज रजक ने साल 2024-25 का ठेका उठाकर पूरे शराब कारोबार को चौंका दिया था और पुराने खिलाड़ियों रमेश राय, ए.के. सिंह जैसे नामों को मात दी थी।

## राजस्व कार्यों की रफ्तार पर एसडीएम कहार की अध्यक्षता में जनपद में बैठक

**सांध्य प्रकाश बैतूल।** आयुक्त नर्मदापुरम की आगामी बैठक में जिले को पहला स्थान दिलाने के उद्देश्य से प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 21 जून को कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर एसडीएम बैतूल राजीव कहार की अध्यक्षता में जनपद कक्ष में राजस्व विभागीय समीक्षा बैठक रखी गई। जिसमे तहसीलदार नगर व ग्रामीण गोवर्धन पाटे, नायब तहसीलदार श्याम सिंह उईके द्वारा राजस्व विभाग की सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। तहसील बैतूल में पदस्थ पटवारियों से योजना वार जानकारी ली गई तथा जिन क्षेत्रों में प्रगति नहीं हुई वहां संबंधित कानूनगो और नाजिर को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए।राजस्व योजनाओं जैसे ई -केवाईसी, आधार लिंकिन्ग, नक्शा तरमीम, भू-राजस्व वसूली,अतिक्रमण, सीमांकन, सीएम हेल्पलाइन सहित प्रत्येक बिंदु पर 100 प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं। नक्शा तरमीम पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। एसडीएम राजीव कहार ने कहा बेहतर रैंक के लिए सभी कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण किए जाये। निर्देशित किया गया कि जायद मूंग फसल की गिरदावरी




समय से पहले पूर्ण की जाए जिससे किसानों को योजनाओं का शीघ्र लाभ मिल सके। नगरीय निकाय क्षेत्र में पदस्थ राजस्व निरीक्षक नजूल,नगर टिकारी, खंजनपुर, हमलापुर, बदनूर ढाना, गौठाना के पटवारियों को धारणाधिकार योजना, पट्टा नवीनीकरण एवं डायवर्सन टैक्स वसूली के निर्देश दिये। गए बैठक में राजस्व निरीक्षक बैतूल नगर भीमराव पोटफोडे, डायवर्सन निरीक्षक राहुल इवने, बैतूल बाजार निरीक्षक धनराज झल्लारे, नजूल बैतूल बाजार के निरीक्षक यशवंत वटके, कोलगांव के संतोष ठाकुर, बैतूल-1 के भगवानदास आर्मो, बैतूल-2 के जितेंद्र पंवार, तथा कल्याणपुर निरीक्षक हेमंत चिलहाते के स्थान पर मुख्यालय पटवारी कल्याणपुर ने भाग लिया। शेष ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के सभी पटवारी बैठक में उपस्थित रहे। तहसील प्रशासन ने बैतूल नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त निवासियों से आग्रह किया है।

## केवलारी विधायक की अध्यक्षता में तीस करोड़ बत्तीस लाख के भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न

**सिवनी।** केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह की अध्यक्षता में केवलारी विधानसभा क्षेत्रांतर्गत नगर परिषद छपारा में मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग अमृत 2.0 योजना अंतर्गत 3032.01 लाख (तीस करोड़ बत्तीस लाख एक हजार रुपए) की राशि से स्वीकृत निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें नगर परिषद छपारा में अमृत 2.0 अंतर्गत वॉटर सप्लाई योजना के निर्माण कार्य का भूमिपूजन, नगर परिषद छपारा में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 योजनांतर्गत एस.टी.पी. निर्माण कार्य का भूमिपूजन, वार्ड क्र. 15 शिवाजी वार्ड, देवरीकलां में पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन निकाय क्षेत्रांतर्गत विसर्जन कुण्ड, पार्क, शौचालय, गेट, चैन फैसिंग, लाईटिंग एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य एवं भूमिपूजन, वार्ड क्र. 09 आजाद वार्ड, अंतर्गत नवनिर्मित पुल से झंडा चौक की ओर आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य एवं भूमिपूजन, अमृत 2.0 योजनांतर्गत वार्ड क्र. 14 हनुमान वार्ड में वॉटर बॉडी (तालाब) सौंदयीणकरण निर्माण कार्य का लोकार्पण, अमृत 2.0 योजनांतर्गत वार्ड क्र. 04 तिलक वार्ड ऐरीकेशन में पॉर्क निर्माण कार्य का लोकार्पण, वार्ड क्र. 03 शिवनगर वार्ड, चमारी तिगड्डा में शासकीय कन्या शाला के समीप सुलभ शौचालय निर्माण कार्य का लोकार्पण।

### ग्राम पंचायत उदयपुर में सड़क निर्माण पर घटिया निर्माण के लगे आरोप

# घटिया सामग्री से हो रहा सीसी सड़क का निर्माण, कटनी के मजदूर कर रहे मजदूरी

**गंजबासौदा - सांध्य प्रकाश।** जनपद पंचायत क्षेत्र गंजबासौदा के अंतर्गत आने वाली उदयपुर पंचायत में निर्माणाधीन आरसीसी सड़क पर घटिया निर्माण के आरोप लग रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण में शासकीय मापदंड का ध्यान नहीं रखा जा रहा है सड़क निर्माण में सीधे मिट्टी के ऊपर बेस डाला गया है वह भी केवल दो से ढाई इंच ही डाला गया है। बेस डालने के लिए भी घटिया स्तर का मिक्स मटेरियल उपयोग किया जा रहा है। इसमें ना तो रेत का उपयोग हुआ ओर ना ही गिट्टी का उपयोग किया गया ओर अगर बात करें की सीमेंट की तो यह कहना हास्यास्पद होगा कि बेस के निर्माण में सीमेंट नाममात्र का मिलाया गया है। जब मीडिया की टीम मौके पर पहुंची तो उन्हें ना तो वहां बॉयब्रेटर मिला ना ही कोई बेस की कुटाई करते दिखाई दिया। हद की बात तो जब हुई जब सड़क निर्माण के कार्य में लगे मजदूरों से बात हुई तब पता लगा कि पूरे मजदूर कटनी जिले के हैं जबकि ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश काम मनरेगा के माध्यम से होता है जिसमें जोबकार्ड धारी ग्राम पंचायत के ही मजदूर काम करते हैं। पूरे मामले में मीडिया की टीम ने जब ग्राम पंचायत के सचिव ओम प्रकाश सेन को फोन लगाया और घटिया निर्माण की जानकारी देते हुए कटनी के मजदूरों के बारे में पूछा तब सचिव महोदय बोले कि गांव के मजदूर काम करने तैयार नहीं इसलिए बाहर की लेवर से कार्य कराया जा रहा है। सचिव महोदय ने घटिया सामग्री व घटिया निर्माण पर यह कहते हुए चुप्पी साध ली कि पूरा कार्य सरपंच प्रतिनिधि महोदय करवा रहे हैं आप उनसे बात कर लीजिए।



### आंगनवाड़ी में रुके हैं कटनी के मजदूर

मीडिया के सदस्यों ने सड़क निर्माण के कार्य में लगे मजदूरों से बात की तब मजदूरों ने बताया कि वह कटनी के मूल निवासी हैं और वह सड़क निर्माण के लिए आए हैं और वह उदयपुर की ही आंगनवाड़ी में रुके हुए हैं उन्होंने जो अपने नाम बताए है वह हैं शंकर लाल कटनी दमोह,सावित्री बाई कटनी, प्रीति बाई कटनी, रोशनी कौल कटनी, लक्ष्मण कौल कटनी ननवारा,सहित करीब आधा दर्जन मजदूर शामिल थे।अब यह भी जांच का विषय है कि आंगनवाड़ी में इन मजदूरों को रुकने का स्थान किसने दिया ओर किसके कहने से दिया क्योंकि आंगनवाड़ी तो छोटे छोटे बच्चों के लिए होती है अगर यहां मजदूर निवास कर रहे हैं तो आंगनवाड़ी कहां संचालित हो रही होगी पूरे मामले में उदयपुर के सरपंच सचिव की मिलीभगत से बड़ी गड़बड़ी सामने आ रही है जिसकी जांच आवश्यक है जब मीडिया के सदस्यों ने पूरे मामले की जानकारी क्षेत्र के उपयंत्री को दी तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि में सोमवार को ही उदयपुर जाकर हो रहे सड़क निर्माण की जांच करूंगा।

### इनका कहना है

अभी मुझे उदयपुर क्षेत्र का नया प्रभार प्राप्त हुआ है आपके द्वारा उदयपुर में सीसी सड़क के घटिया निर्माण की बात बताई है में सोमवार को ही उदयपुर जाकर सड़क का निरीक्षण व मूल्यांकन करूंगा उसी के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**ऋषि शर्मा, उपयंत्री**
**जनपद पंचायत गंजबासौदा**

## ट्रेन दुर्घटना में चौकी पदस्थ सैनिक ,पिकअप टक्कर से राजेश और कार पलटने से 2 मौत

### कीरतपुर में कार पेड़ से टकराने में दो युवक की मौके पर मृत्यु एक घायल



**सांध्य प्रकाश संवददाता**
**सारनी।** बगडोना कॉलेज चौक शनिवार रात करीब रात 9 बजे ओवर लोड पिकअप तेजी आई और अनियंत्रित होकर गुपचुप की दुकान के पास खड़े राजेश वर्मा को जोर की टक्कर मार दी। मौजूद लोगो ने तत्काल पुलिस को सुचना दी और राजेश को घायल अवस्था में घोडाडोंगरी सामुदायिक केंद्र अस्पताल ले जाया गया। लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप को जप्त कर पाथाखेड़ा चौकी में खड़ा करवा लिया है। प्रकरण कायम कर पोसमार्टम के बाद मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया है। मोटर राजेश वॉशिंग सेंटर में काम किया करता था। वहिं ठीक एक दिन पहले की रात्रि को पाथाखेड़ा चौकी में पदस्थ होमगार्ड सैनिक राधेश्याम अमरुते 30 वर्षीय का शुक्रवार रात्रि को रेलवे ट्रेक पर शव पुलिस ने बरामद किया था। घटना से लोग आत्महत्या का अनुमान लगा रहे है। पुलिस जांच में जुटी है। परिजनों ने बताया की राधेश्याम रात्रि घूमने निकला था वापस नही लौटने पर ढूंढने निकले थे तभी घटना की सूचना मिली थी। और रविवार की शाम छिंदवाड़ा से सारनी की तरफ राजडोह आ रही वॉल्क्सवेज़न पोलो अनियंत्रित क होकर कार पलट गई। जिसमें छः वकील सवार थे। सूरज तिवारी सतीश मालवीय बसंत साकरे रामपत, राकेश एवं सुरेश सुमन सवार थे। सुचना मिलने सारनी पुलिस मौके पर पहुंची और सारनी अस्पताल लाया प्राथमिक उपचार के बाद घोडोंगरी स्वास्थकेंद्र पहुचाया। डॉ धाकड़ ने बताया कि घोड़ाडोंगरी सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में इलाज के दौरान वकील सुरेश सुमन की मौत हो गई। सूरज का घोडोंगरी ने चल रहा है। बाकी को इलाज के लिए बैतुल जिला अस्पताल रेफर किया। वहिं सारनी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शुक्रवार शनिवार और रविवार लागातार अलग अलग स्थानों में तीन दुर्घटनाओं में तीन लोगो की जान चली गई। अब पुलिस सभी मामलो की जांच कर रही है। सारनी क्षेत्र में शौक और दहशत का माहौल है। इधर एन एच 46 कीरतपुर के पास कार पेड़ से टकराने से बैतुल के दो युवक राहुल निरापुरे और संदीप मर्सकोले की मौके पर मौत हो गई और बंटी उइके का इलाज इटारसी के सरकारी अस्पताल में चल रहा है।

# नौकरशाही में बड़ा फेरबदल, 62 आईएएस अफसरों के तबादले 11 जिलों के कलेक्टर बदले कइयों को अतिरिक्त प्रभार

**जयपुर।** राजस्थान में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है।रविवार देर रात राज्य की भजनलाल सरकार ने 62 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए है। इसमें 6 जिलों कलेक्टर बदले गए हैं। 21 आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।इस संबंध में कार्मिक विभाग की ओर से सूची जारी कर दी गई है। आदेश के तहत, गहलोत सरकार के समय से वित्त विभाग में जमे अखिल अरोड़ा, गृह विभाग में जमे आनंद कुमार का भी तबादला कर दिया गया है।वित्त विभाग में एसीएस रहे अखिल अरोड़ा को अब जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में एसीएस और आनंद कुमार को वन और पर्यावरण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।इसके अलावा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता को भी नई जिम्मेदारी दी गई है।

आईएएस सुबोध अग्रवाल अध्यक्ष, राजस्थान वित्त निगम, जयपुर, आईएएस अखिल अरोड़ा-ACS, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, जयपुर, आईएएस अपर्णा अरोड़ा-ACS, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर, आईएएस संदीप वर्मा – ACS, कौशल एवं उद्यमिता, जयपुर, आईएएस कुलदीप रांका – ACS, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, जयपुर, आईएएस आनंद कुमार – ACS, वन एवं पर्यावरण, जयपुर, आईएएसभास्कर ए. सावंत एसीएस, गृह विभाग, जयपुर, आईएएस कुंजीलाल मीणा एसीएस, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, जयपुर, आईएएस अजिताभ शर्मा प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग, जयपुर, आईएएस आलोक गुप्ता प्रमुख सचिव, उद्योग विभाग, जयपुर, आईएएस राजेश यादव प्रमुख सचिव, पर्यटन विभाग, जयपुर, आईएएस वैभव गालरिया प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, जयपुर, आईएएस सुबीर कुमार प्रमुख सचिव, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा, जयपुर, आईएएस भवानी सिंह देथा प्रमुख सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर, आईएएस देबाशीष पृष्टि प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, जयपुर, आईएएस रवि जैन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर, आईएएस रवि कुमार सुरपुर अध्यक्ष, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, जयपुर, आईएएस आरूषि मलिक अध्यक्ष, राजस्थान राज्य भंडारण निगम, जयपुर, आईएएस टीना सोनी संभागीय आयुक्त, भरतपुर, आईएएस कानाराम को लगाया जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर,आईएएस रामावतार मीणा, निदेशक, विभागीय जांच, जयपुर, आईएएस कल्पना अग्रवाल, जिला कलेक्टर, टोंक,आईएएस पुखराज सेन, एमडी,राज.चिकित्सा सेवाएं निगम लिमि.जयपुर, आईएएस डॉ.भारती दीक्षित, संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय)विभाग जयपुर, आईएएस सुरेश कुमार ओला, आयुक्त, निवेश संवर्धन ब्यूरो, जयपुर, आईएएस कमर उल जमान चौधरी, जिला कलेक्टर, भरतपुर, आईएएस आशीष मोदी, निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जयपुर, आईएएस पीयूष समरिया, जिला कलेक्टर, कोटा, आईएएस प्रियंका गोस्वामी, जिला कलेक्टर कोटपूतली-बहरोड़, आईएएस बालमुकुंद असावा, संयुक्त शासन सचिव, पीडब्ल्यूडी, जयपुर, आईएएस बचनेश कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष एवं एमडी, हथकर्घा विकास निगम, जयपुर, आईएएस वासुदेव मालावत, निदेशक आईसीडीएस, पंचायतीराज विभाग, जयपुर, आईएएस हनुमानमल ढाका को लगाया निदेशक, विभागीय जांच, जयपुर, आईएएस विश्राम मीणा संभागीय आयुक्त, बीकानेर, आईएएस डॉ.खुशाल यादव, जिला कलेक्टर, हनुमानगढ़, आईएएससौरभ स्वामी, संयुक्त शासन सचिव ऊर्जा विभाग, जयपुर, आईएएस अरुण कुमार हसीजा, जिला कलेक्टर, राजसमंद, आईएएस कमल राम मीणा, जिला कलेक्टर, ब्यावर, आईएएस शरद मेहरा, महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग,अजमेर, आईएएस डॉ.अमित यादव, मिशन निदेशक NHM, जयपुर, आईएएस डॉ.रविन्द्र गोस्वामी, संयुक्त शासन सचिव, PHED,JJM जयपुर, आईएएस डॉ.गौरव सैनी, आयुक्त नगर निगम, जयपुर ग्रेटर, जयपुर,आईएएसश्वेता चौहान, जिला कलेक्टर, फलौदी, आईएएस डॉ.सौम्या झा, निदेशक,चिकित्सा विभाग, जयपुर, आईएएस डॉ.महेंद्र खड़गावत, जिला कलेक्टर, कुचामन-डीडवाना, आईएएस अभिषेक खन्ना, आयुक्त नगर निगम, उदयपुर, आईएएस रामप्रकाश, ष्टश्वह्र जिला परिषद, अजमेर, आईएएस डॉ.निधि पटेल, आयुक्त, नगर निगम जयपुर हैरिटेज ष्टश्वह्र,जयपुर स्मार्ट सिटी, आईएएस कनिष्क कटारिया, आयुक्त भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर, आईएएस रिशव मंडल, आयुक्त कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता, जयपुर, आईएएस डॉ.धीरज कुमार सिंह, संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक(क-1) विभाग, जयपुर, आईएएस जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर, निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)जयपुर, आईएएस आशीष कुमार मिश्रा को लगाया ष्टश्वह्र, नगर परिषद, जोधपुर, नेहा गिरी स्टेट मिशन निदेशक,आजिविका परियोजनाएं एवं स्वयं सहायता समूह, जयपुर, ओमप्रकाश बुनकर विशिष्ट शासन सचिव, गृह विभाग, राजस्थान, जयपुर, कन्हैयालाल स्वामी आयुक्त, टीएडी, उदयपुर, शक्ति सिंह राठौड़ संभागीय आयुक्त, अजमेर, हरिमोहन मीणा कार्यकारी निदेशक, राजस्थान शहरी पेयजल सीवरेज और रूडसीको, रूक्मणि रियार आयुक्त, पर्यटन विभाग, राजस्थान, जयपुर, हरजीलाल अटल मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हैल्थ एश्यारेंस ऐजेंसी, जयपुर, नथमल डिडेल संयुक्त शासन विभाग, वित्त (कर) विभाग, जयपुर।

## 21 आईएएस को अतिरिक्त प्रभार

आईएएस अभय कुमार, अध्यक्ष इंदिरा गांधी नहर बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस शिखर अग्रवाल, अध्यक्ष रीको का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस भास्कर ए सावंत, ष्टस् न्याय विभाग एवं सैनिक कल्याण का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस अजिताभ शर्मा, अध्यक्ष राजस्थान राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस आलोक गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजसीको का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस राजेश यादव, अध्यक्ष राजस्थान पर्यटन विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस वैभव गालरिया, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस देबाशीष पृष्टी, अध्यक्ष राजस्थान आवासन मंडल का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस नवीन जैन, सचिव, वित्त (बजट) विभाग का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस कृष्ण कुणाल, सचिव संस्कृत शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस जोगाराम, सचिव प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय, जनअभियोग निराकरण का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस रोहित गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस अर्चना सिंह, सचिव सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस कन्हैयालाल स्वामी, आयुक्त देवस्थान विभाग का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस शक्ति सिंह राठौड़, प्रशासक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस संदेश नायक, आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस रुक्मणि रियार, प्रबंध निदेशक राजस्थान पर्यटन विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस सिद्धार्थ सिहाग, प्रबंध निदेशक राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस चिन्मयी गोपाल, आयुक्त उद्यानिकी, राजस्थान का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस सीताराम जाट, निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग, बीकानेर का अतिरिक्त प्रभार, आईएएस रिशव मंडल, प्रबंध निदेशक, RSLDC का अतिरिक्त प्रभार, सौंपा गया है।

# भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने 20वां स्थापना दिवस मनाया






**भोपाल।** भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन का 20वां स्थापना दिवस को बीओआई ऑडिटोरियम में शाम 6 बजे मनाया जाएगा। समारोह की शुरुआत गणमान्य व्यक्तियों और पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। शिवकुमार बोस, लोकपाल और मुख्य महाप्रबंधक आरबीआई, संजय श्रीवास्तव महाप्रबंधक बीओआई भोपाल। बीएमए के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने स्वागत भाषण दिया और गणमान्य व्यक्तियों और एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्षों का स्वागत किया। उन्होंने बीएमए की पिछली गतिविधि और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। श्री शंकर, माननीय सचिव ने संक्षिप्त इतिहास और बीएमए के गठन की जानकारी दी। बीएमए की भूमिका उद्योगों को प्रबंधकीय मुद्दों पर सलाह देना और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित करना है। छात्र अध्याय के माध्यम से हम उन्हें मार्गदर्शन देने और उद्यमिता या उचित नौकरी चुनने या अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए मार्गदर्शन देने की स्थिति में हैं। श्रीमती डी. इंदिरा ने युवा मन को आकार देने में बीएमए के प्रयासों की सराहना की। महाप्रबंधक श्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि वे बीएमए की गतिविधियों से बहुत प्रभावित हैं। उद्योगों और छात्रों को जोड़ने में निभाई गई भूमिका उल्लेखनीय है। उन्होंने छात्र विकास गतिविधियों में समर्थन देने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर लोकपाल और मुख्य महाप्रबंधक श्री शिवकुमार बोस मुख्य अतिथि थे। उन्होंने करियर में बच्चों को सही रास्ता दिखाने के लिए बीएमए की गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने बीएमए स्थापना दिवस समारोह का हिस्सा बनने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने हमारे राष्ट्र के विकास में बैंकों की भूमिका पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने बैंकिंग के इतिहास से अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने सभी बैंकों के कार्यों को विनियमित करने के लिए आरबीआई द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की व्याख्या की। सभी बैंकों यानी निजी, सार्वजनिक, विदेशी, लघु वित्त और आरआरबी की गतिविधियों की उचित निगरानी के कारण लोगों का बैंकिंग प्रणाली पर पूरा भरोसा है। उन्होंने बैंकिंग प्रणाली में कुल जमा और उधार के बारे में कुछ सांख्यिकीय आंकड़े भी साझा किए। यानी 240 लाख करोड़ रुपये जमा और लगभग 170 लाख करोड़ रुपये ऋण के रूप में। बैंकिंग उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। सरकारी योजनाएं आरबीआई के सहयोग और मार्गदर्शन में क्रियान्वित की जाती हैं। डिजिटलाइजेशन और सीबीएस की शुरुआत के कारण हमारे देश में बड़े पैमाने पर बैंकिंग शुरू हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि पीएम जन धन योजना के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में 55 करोड़ से अधिक खाते खोले गए हैं। उन्होंने जे ए एम के बारे में भी बताया। मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और अन्य डिजिटल उत्पादों ने बैंकिंग गतिविधियों को तेज और आसान बना दिया है। लेकिन साथ ही ग्राहक को साइबर अपराध गतिविधियों से सावधान रहना चाहिए। आम आदमी की बैंकिंग समस्याओं को सुलझाने में लोकपाल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लोकपाल से संपर्क करने से आम लोगों को बहुत तेजी से न्याय मिलता है। प्रश्न उत्तर सत्र के दौरान प्रतिभागियों के प्रश्नों को अच्छी तरह से समझाया गया और भाग लिया गया। डॉ राजीव अग्रवाल ने अपने समापन और धन्यवाद भाषण के दौरान मुख्य अतिथि श्री शिवकुमार जी, श्री संजय श्रीवास्तव महाप्रबंधक बीओआई और श्रीमती इंदिरा को स्थापना दिवस समारोह में उनके दिल से समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। इस प्रकार के विचार-विमर्श आम आदमी, छात्रों और उद्यमियों के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। कार्यक्रम का संचालन श्री शैलेंद्र ओझा ने बहुत अच्छे से किया। कार्यक्रम में 80 से अधिक लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन हाई टी के साथ हुआ।

# न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न




**भोपाल।** राजधानी भोपाल के हृदय स्थल एवं भोपाल के व्यस्ततम बाजार न्यू मार्केट के व्यापारियों द्वारा नवगठित संगठन न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति÷ जिसका विगत दो माह में वृहद सदस्यता अभियान चलाकर 604 व्यापारियों को सदस्य बनाया गया । 7 जून 2025 को संस्थापक सदस्यों द्वारा रंजीत माझी एवं रमेश गंगवानी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था 18 जून 2025 को चुनाव अधिकारियों द्वारा 14 दिवसीय चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई थी जिस चुनाव कार्यक्रम में 1 जुलाई 2025 को मतदान होना था।

दिनांक 20 जुलाई 2025 को समिति के 10 पदों हेतु 16 फॉर्म चुनाव अधिकारियों द्वारा वितरित किए गए थे तत्पश्चात 21 जुलाई 2025 को 10 पदों हेतु फार्म लेने वाले 16 व्यापारियों में से केवल 10 द्वारा ही नामांकन फार्म विधिवत जमा किए गए अन्य 6 फार्म लेने वाले व्यापारियों ने अपने फार्म तय समय सीमा 21जून को शाम 4 बजे तक जमा ही नहीं किये। तत्पश्चात निश्चित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नाम वापसी का समय 22 जून 2025 दोपहर 2बजे के तय समय तक एक भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। क्योंकि 10 पदों पर निर्वाचन हेतु केवल 10 ही नामांकन फार्म प्राप्त हुए अर्थात एक पद पर एक ही नामांकन प्राप्त हुआ इसीलिए चुकी मतदान की कोई आवश्यकता ही नहीं रह गई थी अतः 1 जुलाई का इंतजार ना करते हुए चुनाव अधिकारी द्वारा आज शाम 4÷15 बजे ही निर्वाचित दर्शन निर्वाचित पदाधिकारी की सूची जारी कर दी गई और तुरंत ही दसों पदाधिकारी को प्रमाण पत्र वितरित कर दिए।

अध्यक्ष पद पर श्री सतीश कुमार गंगराड़े (गोलू भाई) निर्वाचित घोषित किये गए उपाध्यक्ष के दो पदों पर प्रदीप कुमार गुप्ता एवं अजय देवनानी को निर्वाचित घोषित किया । सचिव पद पर पुरुषोत्तम वरदानी (पवन )को निर्वाचित घोषित किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर हरीश ज्ञानचंदानी जी को विजय घोषित किया गया। दो सहसचिव पदों पर पलाश गर्ग प्रिंस एवं मोहम्मद सगीर नवाब को निर्वाचित घोषित किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के तीन पदों पर जीत कुमार जैन गौरव आरतवानी एवं लक्ष्य अग्रवाल को निर्वाचित घोषित किया गया।

# निफ्ट भोपाल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया, योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया





**भोपाल।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), भोपाल में 20 व 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। Yoga for One Earth, One Health थीम पर आधारित दो दिवसीय कार्यक्रम में व्याख्यान, योगाभ्यास एवं जागरूकता गतिविधियाँ संपन्न हुईं। पहले दिन योगाचार्य श्री महेश अग्रवाल ने योग के वास्तविक स्वरूप और जीवन में उसके उपयोग पर मार्गदर्शन दिया, वहीं डॉ. सुनीता जैन ने मानसिक तनाव में योग की भूमिका पर विचार साझा किए। दूसरे दिन आयोजित योग कार्निवाल में योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार ने निदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल आशीष अग्रवाल, संयुक्त निदेशक अखिल सहाय, शिक्षकगण एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों द्वारा वृक्षारोपण कर योग दिवस का पर्यावरण-संवेदनशील समापन किया गया, जो एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की भावना को सार्थक रूप से दर्शाता है।

# बाजार खुलते ही सोने और चांदी की कीमतों में हल्की गिरावट आई



**मुंबई, एजेंसी।** जून का महीना खत्म होने को है और जुलाई का आगमन होने वाला है,ऐसे में अगर आप सोना या चांदी खरीदने का सोच रहे है तो पहले 23 जून का ताजा भाव जान लीजिए। आज सोमवार को बाजार खुलते ही सोने और चांदी की कीमतों में हल्की गिरावट आई है। नई कीमतों के बाद सोने और चांदी के भाव 1 लाख पार ट्रेंड कर रहे है।

आज सोमवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी के अनुसार आज 23 जून 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम92,450 , 24 कैरेट का भाव 1,00, 840 और 18 ग्राम सोने का रेट 75,640 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 1, 09,900 हजार रुपए चल रहा है।

18 कैरेट सोने का आज का भाव दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 75 640/- रुपये। कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 75, 520/- रुपये। इंदौर और भोपाल में सोने का भाव 75, 560 चल रहा है। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 76, 000/- रुपये पर ट्रेड कर रही है। 22 कैरेट सोने का आज का भाव भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 92, 350/- रुपये। जयपुर, लखनऊ, दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 92, 450/- रुपये। हैदराबाद, केरल, कोलकाता, मुंबई सराफा बाजार में 92,300/- रुपये ट्रेंड कर रहा है। 24 कैरेट सोने का आज का भाव भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 1,00,740 रुपये। दिल्ली जयपुर लखनऊ और चंडीगढ़ सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 1,00,820/- रुपये। हैदराबाद, केरल, बैंगलुरू और मुंबई सराफा बाजार में 1,00, 690/- रुपये । चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 1,00, 690/- रुपये पर ट्रेंड कर रहा है। जयपुर कोलकाता अहमदाबाद लखनऊ मुंबई दिल्ली सराफा बाजार में 01 किलोग्राम चांदी की कीमत 1,09 900 /- रुपये चल रही है। चेन्नई, मदुरै , हैदराबाद,और केरल सराफा बाजार में कीमत 1,19,900 रुपये। भोपाल और इंदौर में 1 किलो चांदी की कीमत 1,09, 900/ रुपए ट्रेंड कर रही है।

# इंदौर के डॉ प्रणव महाजन प्रतिष्ठित BIOS यूके फेलोशिप से सम्मानित



**इंदौर।** इंदौर के डॉक्टर प्रणव महाजन को मेडवे मैरीटाइम हॉस्पिटल केंट यूके में प्रतिष्ठित BIOS यूके फेलोशिप से सम्मानित किया गया। डॉ महाजन ने कल ग्रांथम यूके में BIOSCON सम्मेलन में पेपर प्रस्तुत किया। इस सम्मेलन में 250 भारतीय ब्रिटिश ऑर्थोपेडिक सर्जनों ने भाग लिया। डॉ महाजन द्वारा प्रस्तुत पेपर की चौतरफा सराहना हुई। सम्मेलन में उपस्थित वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जनों ने डॉ प्रणव को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि डॉक्टर प्रणव इंदौर में पले, बड़े और बसे हैं। वह बहुत कम उम्र में ही इंदौर के ऑर्थोपेडिक फील्ड में एक जाना पहचाना नाम बन गए हैं।उनके पिता डॉक्टर उल्हास महाजन भी जाने-माने फिजिशियन हैं।

# इंदौर मेट्रो में दिन पर दिन कम हो रहे यात्री, तीसरे सप्ताह में सिर्फ 16 हजार लोगों ने किया सफर



**इंदौर।** इंदौर मेट्रो को पहले सप्ताह फ्री राइड के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ मिली, लेकिन टिकट लगते ही संख्या में तेज गिरावट आई। तीसरे सप्ताह में मात्र 15,947 यात्रियों ने सफर किया, जिससे मेट्रो की लोकप्रियता तेजी से घटती दिख रही है।

इंदौर मेट्रो अब यात्रियों के संकट से गुज़र रही है। पहले सप्ताह जहाँ फ्री यात्रा थी, वैसे ही दूसरे सप्ताह से जैसे ही टिकट लगना शुरू हुआ यात्रियों ने इससे दुरी बना ली। अब हर सप्ताह यह रियायत कम होती जा रही है और इसी के साथ यात्री मिलना भी दूभर हो गया है। कुल मिलाकर मेट्रो का क्रेज और मोह दोनों ख़त्म होते दिख रहे हैं। कुल 21 दिन में करीब पौने 2 लाख यात्री सफर कर चुके हैं।

### इस तरह कम होते गए यात्री

वर्चुअल उद्घाटन के बाद पहले सप्ताह में 31 मई से 7 जून के बीच फ्री राइड में 1.43 लाख यात्री पहुंचे थे। वहीं दूसरे सप्ताह जब 75 फीसदी रियायत के साथ टिकट दर 5 व 8 रूपए लगने लगी तो यह संख्या 8 से 14 जून के बीच एकदम से घटकर मात्र 36 हज़ार रह गई थी।

### पिछले एक सप्ताह में 16 हजार यात्री पहुंचे

मेट्रो में पिछले एक सप्ताह में पहुँचने वाले यात्रियों की बात करें तो कुल 15947 यात्री पहुंचे हैं। वहीं शुरू के एक सप्ताह की बात करें तो इस दौरान कुल 1 लाख 43 हज़ार 301 यात्री मिले थे। जो की बीते एक सप्ताह में मिले यात्री का 10 गुना है। वहीं, 21 जून तक कुल 1 लाख 95 हज़ार 303 यात्रियों ने इसमें सफर किया।

### अब रविवार 22 जून से नई टिकट दर

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इंदौर मेट्रो की संचालन व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। अब मेट्रो की सवारी रविवार से और महंगी होगी और रियायत मात्रा 25 फीसदी रहेगी। यह तीन सप्ताह तक रहेगी और फिर फुल टिकट लगेगा। अब तक यात्रियों को मेट्रो सेवा के लिए कम दरों पर यात्रा की सुविधा मिल रही थी, लेकिन परिचालन लागत और विकास परियोजनाओं को ध्यान में रखते हुए किराया बढ़ाया गया है।

# 62 हजार रुपए कीमती सागौन के लट्ठे पकड़े



छिंदवाड़ा। पूर्व वनमण्डल छिंदवाड़ा पूर्व वनमण्डल छिंदवाड़ा अंतर्गत वन संरक्षक मधु व्ही राज के निर्देशानुसार एवं वनमण्डलाधिकारी एल. के. वासनिक व उपवनमंडलाधिकारी भारत सोलंकी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र छिंदवाड़ा अंतर्गत रात्रि गस्ती के दौरान सिल्लैवानी क्षेत्र मे तेलियापठार ग्राम के समीप बोलेरो ( पिकअप) एमपी28जी0903 मे 12 नग =1.041 घ.मी. एवं वनोपज का मूल्य 62.319रुपए मूल्य के सागोंन लट्ठा उमरानाला के समीप दुर्गूढाना से तेलिया पठार रोड परजप्त किया गया एवं वाहन के साथ एक मुल्ज़िम जो वाहन मालिक रामकुमार पिता बलवंतराव धारे उर्म 33 साकिन- कोड़ामऊ को भी पकड़ा गया तथा एक आरोपी मौके से भाग निकला। यह सागौन चांद या बिसापुर जाने की बात आरोपी द्वारा बताई गई जो कि स्पष्ट नहीं हो सकी है।

## अवैध गांजा तस्करी पर की कार्यवाही

छिंदवाड़ा। पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ के विक्रय पर अंकुश लगाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। दिनांक 21/06/25 को कुण्डीपुरा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि झिरी जमुनिया का रहने वाला गोविंद पिता बाबूलाल उसरेठे उम्र 62 साल अपने पास एक पारदर्शी पन्नी मे पेपर के अंदर हरे रंग की पन्नी में अवैध रुप से मादक पदार्थ गांजा लेकर यात्री प्रतिक्षालय वायपास रोड सारना में बैठा है एवं गांजा बेचने की फिराक मे है जो तत्काल थाना प्रभारी कुण्डीपुरा करिश्मा चौधरी ,चौकी प्रभारी धरमटेकडी अविनाश पारधी द्वारा टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश देकर रेड कार्यवाही करने रवाना किया गया जो उक्त टीम द्वारा आरोपी को अभिरक्षा में लेकर आरोपी के कब्जे से 642 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अप क्र. 443/25 धारा 8/20 एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# सकारात्मक कार्यो के कारण पहचानी जाती है जनपरिषद: विद्या जोशी

### जनपरिषद के स्थापना दिवस पर समाज सेवियों का सम्मान

छिंदवाड़ा' समाजसेवा की मिशाल पेश करने बाली अंतरराष्ट्रीय संस्था जन परिषद अपने सकारात्मक एवं सेवाभावी कार्यों से पहचानी जाती है शिक्षा स्वास्थ्य समाज उत्थान पर्यावरण संरक्षण सहित अन्य को विषयों पर कार्य करने वाली सक्रिय संस्था जन परिषद के छिंदवाड़ा चेप्टर के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दुबई की इंटरनेशनल मॉडल फेस ऑफ़ आबू धाबी का खिताब से नवाजी गई माडल एवम एक्ट्रेस विद्या जोशी पटेल के हस्ते शहर के मध्य स्थित होटल में जिले में अलग अलग क्षेत्रों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जन परिषद के राष्ट्रीय संयोजक रामजी श्रीवास्तव,प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव, महाकौशल प्रांत के संयोजक गोविंद चौरसिया, जन परिषद के छिंदवाड़ा चेप्टर के अध्यक्ष विनोद तिवारी,श्रीमती बजाज, सचिव डाक्टर चंद्रकांत विश्वकर्मा सहित शहर के प्रतिष्ठित जन उपस्थित थे। छिंदवाड़ा पहली बार पधारी अंतर राष्ट्रीय मॉडल फेस का अबू धाबी विद्या जोशी पटेल जी का गर्म जोशी के साथ सभी ने स्वागत किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुबई से आई अंतर राष्ट्रीय माडल विद्या जोशी पटेल ने छिंदवाड़ा जिले की खूबसूरती की तारीब करते हुए कहा की आपका छिंदवाड़ा बहुत खूबसूरत है और यह रहने वाले लोग भी उतने ही उत्साही ऊर्जावान है आप सभी अलग अलग विद्याओ में निपूर्ण है आप सभी एक अंबेला के नीचे आ जाए तो एक शसक्त टीम बनकर और बेहतर कार्य कर सकते है उन्होंने कहा की जन परिषद की गतिविधि सकारात्मक एवम रचनात्मक दृष्टिकोण से अनोखी सेवा कर रही है यह अपने आप में ही एक अनूठी मिसाल है इससे जुड़कर हम सभी गर्व महसूस करते हैं उन्होंने सभी समाजसेवियों को उनके कार्यों के लिए शुभ आशीष प्रदान किया ।सम्मान सम्हरोह में सर्वप्रथम जन परिषद के राष्ट्रीय संयोजक रामजी जी श्रीवास्तव ने अपनी बात की शुरुआत दुष्यंत जी की पंक्ति कल देखोगे इसी बहाने कई मुसाफिर आएंगे थोड़ी आंच बची रहने दो, थोड़ा धुआं निकालने दो, कल देखेंगे इसी बहाने कई मुसाफिर आएंगे दुष्यंत की इस पंक्ति को उद्धत करते हुए राम जी ने कहा कि जन परिषद पूरे देश में 375 चेप्टर सक्रिय रूप से काम कर रहे है ।छिंदवाड़ा चेप्टर भी ।उन्होंने कहा की आज जरूरत है युवाओं को संस्कारी बनाना समाज की जिम्मेदारी है नए



युग के बच्चो को छोटे छोटे संस्कार देकर उनके उज्वल भविष्य और नए भारत का निर्माण किया जा सकता है । उन्होंने छिंदवाड़ा के चैप्टर की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी अच्छा कार्य कर रहे हैं मेरा आपसे अनुरोध है कि आप समाज के उस वर्ग के बीच जरूर जाए जहां उन्हें आवश्यकता है आपकी मदद की और वह कार्य आप अच्छे से कर सकते हैं।कार्यक्रम में जन परिषद के प्रांतीय सचिव गोविंद चौरसिया ने पर्यावरण संरक्षण केलिए पौधारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया।उन्होंने छिंदवाड़ा में जन परिषद के सेवा भावी कार्यों की जानकारी प्रदान की ।उन्होंने दुबई से आई अंतर राष्ट्रीय माडल विद्या जोशी पटेल का छिंदवाड़ा आने पर बुके देकर स्वागत किया।कार्यक्रम में जन परिषद के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा की छिंदवाड़ा चेप्टर आप सभी छिंदवाड़ा के ऊर्जावान प्रतिष्ठित सम्मानियो के साथ सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर रहा है आगे भी जन परिषद के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते रहेगा । आप सभी को बहुत बहुत बधाई।कार्यक्रम में चेप्टर के पदाधिकारीयो एवम जिले के समाजसेवियों को अतिथियो के हस्ते सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय जन परिषद की और से गोविंद चौरसिया,विनोद तिवारी एवम श्रीमती बजाज जी का स्मृति चिन्ह प्रदान कर राष्ट्रीय संयोजक रामजी श्रीवास्तव जी हस्ते सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दुबई से आई अंतर राष्ट्रीय माडल विद्या जोशी पटेल जी का शाल श्रीफल एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन अखिलेश खंडेलवाल ने किया एवम आभार सचिव डाक्टर चंद्रकांत विश्वकर्मा ने किया कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष विनोद तिवारी पदाधिकारी सूर्यकांत भुसारे ,अक्षय सेगर,अखिलेश खंडेलवाल,मनोज अग्रवाल चंद्रकांत विश्वकर्मा सहित सम्मानित होने वाले समाजसेवियों में1 डीपी मालवी अरविंद गिरटकर, गेहर सिंह सहित अन्य समाजसर्वियो का सम्मान किया गया।

## संकट हरता, भक्तों का रखवाला खाटू नरेश हमारा है

छिंदवाड़ा। श्रद्धा, भक्ति और संगीत से सराबोर एक अनुपम आध्यात्मिक संध्या का आयोजन ग्राम मोठार में



27 जून, शुक्रवार को होने जा रहा है। श्री खाटू श्याम की विशाल भजन संध्या में जिले के ख्यातिप्राप्त भजन गायक अपनी स्वरांजलि से बाबा श्याम के चरणों में श्रद्धा अर्पित करेंगे।कार्यक्रम आयोजक अखिल अजय सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया किइस विशेष आयोजन में,साक्षी एवं खुशी पाठक (पाठक सिस्टर्स) ङ्क सुप्रसिद्ध देवी गीत व खाटू श्याम भजन गायिका आकाश नागवंशी ङ्क युवा एवं लोकप्रिय भजन गायक अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से भक्तों को भक्ति रस में डुबो देंगे,डॉ संजय सोहागपुरे भजन गायक कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं बाबा श्याम की भव्य ज्योत प्रज्वलन इत्र वर्षा से सुगंधित वातारण ,56 भोग का दिव्य भोग दर्शन एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी व श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे आयोजक समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि समय पर पधारें और इस भक्ति संध्या का लाभ उठाएं। यह कार्यक्रम बाबा श्याम प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव होगा।

## उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवाएं प्रदान करने के दिये निर्देश

### चौरई संभाग के अंतर्गतसहायक अभियंताओं एवं कनिष्ठ अभियंताओं की ली गई बैठक

छिन्दवाड़ा। अधीक्षण अभियंता द्वारा गत दिवस चौरई संभाग के अंतर्गत सभी सहायक अभियंताओं एवं कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक ली गई। इस अवसर पर उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवाएं प्रदान करने के लिये कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में अधीक्षण अभियंता ने 1912 तथा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का समयबध्द और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही, फीडर फॉल्ट की स्थिति में उसे शीघ्र अटेंड करने एवं सभी उपभोक्ताओं के फोन कॉल रिसीव करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जिन उपभोक्ताओं पर बकाया है, उनके बैंक खाता नंबरों का अद्यतन कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण किया जाए। राजस्व वसूली



में गत वर्ष की तुलना में 25त्न वृद्धि और उपभोक्ता संख्या में भी 25त्न से अधिक वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके बाद अधीक्षण अभियंता द्वारा 33/11 के.व्ही. झिलमिली उपकेंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लॉग बुक, परमिट बुक तथा फ्यूज ऑफ कॉल रजिस्टर की जांच की गई। फीडरों में ट्रिपिंग की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि न्यूनतम ट्रिपिंग सुनिश्चित की जाए एवं इसके लिए लाइन स्टाफ समर्पित रूप से कार्य करें। लाइन कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे कार्य के दौरान सभी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें तथा पूरी सावधानी के साथ विद्युत कार्य करें। इस अवसर पर नवागत कार्यपालन अभियंता हितेश शर्मा भी उपस्थित थे।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी: भाजपा

### 23 से 6 जुलाई तक कार्यक्रमों का होगा आयोजन, प्रत्येक बूथ क्षेत्र पर पौधों का किया जावेगा रोपण

छिंदवाड़ा। भाजपा प्रति वर्ष 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाती है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भाजपा जिले के सभी बूथों पर 23 जून से उनके जन्मदिवस 6 जुलाई तक डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर राष्ट्र के लिए उनके बलिदान और योगदान को बलिदान दिवस के रूप में याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा बलिदान दिवस कार्यक्रम हेतु पूर्व नगर निगम अध्यक्ष धर्मेंद्र मिगलानी को जिला संयोजक तथा दिवाकर सदारंग, संजीव रंगू यादव एवं राकेश माइकल पहाड़े को सह संयोजक नियुक्त किया गया है।बलिदान दिवस कार्यक्रम के जिला संयोजक धर्मेंद्र मिगलानी ने बताया कि, 23 जून को जिला भाजपा कार्यालय में दोपहर 1 बजे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस का मुख्य कार्यक्रम एवं संगोष्ठी रखा गया है जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद बंटी विवेक साहू एवं जिले के प्रमुख नेतागण शामिल होकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए चर्चा करेंगे। मिगलानी ने बताया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर जिले के प्रत्येक बूथ पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र / प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा साथ ही राष्ट्र के लिए उनके बलिदान और योगदान को याद किया जाएगा।

## यूनाइटेड फोरम ने आउटसोर्स कर्मचारी की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

छिंदवाड़ा। म.प्र. यूनाईटेड फोरम फॉर पावर इम्प्लाईज एवं इंजीनियर्स म.प्र. ने प्रदेश के मुख्य मंत्री को पत्र लिखकर विधुत कंपनियों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों के निराकरण की मांग की है। नियमित भर्ती में 50 प्रति. आरक्षण 20, लाख बीमा एवं न्यूनतम वेतन 18000 यूनाइटेड फोरम के प्रांतीय सचिव प्रभुनारायण नेमा ने बताया कि वर्तमान में कार्यरत आऊटसोर्स कर्मचारियों को नयी नियमित भर्ती में उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर 50त्न का आरक्षण प्रदान किया जावे। कर्मचारियों जोखिम भरे कार्य को देखते हुये तुरंत कम से कम रू. 20 लाख का दुर्घटना बीमा किये जाने एवं आऊटसोर्स कर्मचारियों हेतु न्यूनतम वेतन रू. 18000/-किया जाना चाहिए। जिला संयोजक आर के सोनी ने बताया कि प्रदेश में विद्युत कंपनियों में लगभग 40,000 आऊटसोर्स कर्मचारी विभिन्न वर्गों में कार्यरत है। ट्रांसमिशन एवं वितरण के क्षेत्र में पूरी व्यवस्था इन्ही आऊटसोर्स कर्मचारियों की वजह से म.प्र. में सुचारू रूप से संचालित है।

## सोनाखार गुरुकुल में किया गया पौधरोपण



छिंदवाड़ा। आर्ष सोनाखार गुरुकुल मेंसाप्ताहिक यज्ञ एवं गीता पाठ के बाद एक पौधा मां के नाम पर सदस्यों ने किया पौधरोपण जिसमें गुरुकुल के आचार्य ओम देव शास्त्री, हेमंत पटेल, अजय बाजपेई, कमलेश विश्वकर्मा, नितेश सैनी, अजीत बाजपेई, संतोष भूले, पूजा बाजपेई,आरोही बाजपेई, अन्यया बाजपेई, मारुति लोमटे एवं गुरुकुल के ब्रह्मचारी उपस्थित थे।

## परासिया के मुख्य मार्गों के किनारे लगा हुआ है कचरे का ढेर

परासिया। नगर पालिका परासिया में सफाई कर्मचारियों की संख्या काफी है। लेकिन उसके बावजूद नगर के मुख्य मार्गों के किनारे सफाई की जैसी व्यवस्था बनना चाहिए, नहीं बन पा रही है। इतवार को देखने में आया की नगर के मुख्य मार्गों के किनारे कचरे का ढेर लगा हुआ है। जबकि इतवार को बाजार का दिन होता है। जानकारी के अनुसार मान पेट्रोल पंप के सामने कचरे का ढेर लगा हुआ है। जो मुख्य मार्ग के ठीक किनारे हैं और यहां पर बाजार के दिन काफी तादाद में लोग अवागमन करते हैं। बाजार करने



भी बड़ी तादाद में लोग आते हैं। वही पता चला है कि नगर के सौंदरीकरण के लिए नगर पालिका काफी राशि खर्च कर रही है लेकिन नगर के मुख्य मार्ग स्वच्छ और सुंदर नहीं हो पा रहे हैं। वही देखने में आ रहा है कि दूसरे नगरी निकायों में मुख्य मार्गों के किनारे बारिश में भी सफाई कर्मचारी कचरा उठा रहे हैं, जिससे कि नगर स्वच्छ दिखाई दे।लेकिन इस मामले में नगर पालिका परासिया की लापरवाही सामने आ रही है। जो कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान पर प्रश्न चिन्ह लगा रही है।

# पीड़ित की निजी भूमि प्लाट पर अवैध कब्जा के मामले में कोर्ट ने यथावत स्तिथि के आदेश किया जारी

### शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षो को भूमि प्लाट पर विवाद ना करने की चेतावनी दी



सांध्य प्रकाश बैतूल। चक्कर रोड़ निवासी राजेंद्र मालवीय की निजी भूमि प्लाट पर मनोज पारधे नामक व्यक्ति ने भूमि प्लाट खसरा नंबर 399/5 मौजा बडोरा पर अवैध रूप से कब्जा किये जाने का प्रयास कर रहा है। जिसको लेकर बैतुल नेमा साहब की न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है। इस बीच मनोज पारधे पर शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया गया। कि उक्त भूमि प्लाट खसरा नंबर 399/5 आठनेर रोड पर लगे सीमेंट के पोल और तार फेंसिंग तोड़कर फेंक दिए बल्कि प्लाट को विवादित करने के लिए रातो रात कब्जा करने की नीयत से चोरी छिपे गहरे गड्ढे खोदकर सीमेंट के पोल गाड़कर कंक्रीट कर दिया गया था। जब पीड़ित भूमि स्वामी राजेंद्र मालवीय और उत्तराधिकारी इकलौते बेटे मयंक मालवीय को पता चला। सुबह मौके पर जाकर देखा तो हैरान हो गये। और तब पीड़ित अपनी निजी जमीन प्लाट पर तोड़े गये पोल वापस लगाने का प्रयास करने लगे तो विवाद की स्तिथि बन गई। देर तक आपसी तालमेल नही बैठने पर मामला बैतुल बाजार थाना पंहुचा। तब पीड़ित भूमि स्वामी राजेंद्र मालवीय ने पुलिस को बताया कि मनोज के पिता तहस में आकर कुल्हाड़ी और मनोज डंडा लेकर गाली गलौज कर मारपीट करने दौड़े लेकिन सुबह का समय और बाकी अन्य दूसरे पीड़ित पक्ष के रहने से घटना टल गई। फिर दूसरे दिन शुक्रवार पीड़ित ने अपने अधिवक्ता के साथ उपस्तिथ होकर यथा स्तिथि स्टे आर्डर के लिए कोर्ट में अर्जेन्ट सुनवाई का आवेदन किया। जबकि मामले की सुनवाई की तारीख 28 जुन थी। दोनों पक्ष को सुनने के बाद प्रकरण माननीय न्यायलय ने स्टे आर्डर जारी किये। दोनों पक्ष को सुचना दी गई। पश्च्यात अवैध कब्जा को लेकर चल रहे भूमि विवाद पर विराम लगा। पीड़ित राजेंद्र ने सांध्य प्रकाश को बताया कि मनोज पारधे द्वारा पटवारी सीमांकन के आधार मेरी निजी भूमि प्लाट पर कब्जा किया जा रहा था। जबकि मनोज को सीमांकन के आधार पर तहसील कोर्ट की शरण में जाकर कार्यवाही करना था। लेकिन उन्होंने आपराधिक प्रक्रिया अपनाई थी। जिसकी शिकायत पर सांध्य प्रकाश ने प्रमुखता से प्रथम खबर प्रकाशन किया। तब अधिवक्ता के साथ न्यायालय के संज्ञान में घटना को विस्तार पूर्वक लाया था। राजेंद्र ने बताया जा रहा है। कि उक्त भूमि प्लाट पर राजेंद्र का रजिस्ट्री और नामंतरण के आधार पर वर्ष 2013 से शांति पूर्वक लगातार कब्जा चला रहा था। बल्की राजेंद्र ने उक्त प्लाट जिस क्रेता से खरीदी थी। उस विक्रेता का कब्जा वर्ष 1999 से लगातार चला आ रहा था। तब से अब तक कोई विवाद नही था।

## स्वस्थ्य और दीर्घ जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास जरूरी है- स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल



औबेदुल्लागंज (संवाददाता)। ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग पर रायसेन जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भीमबेटका में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल तथा भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा के मुख्य आतिथ्य में सामूहिक योग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सामूहिक योग कार्यक्रम में स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल, विधायक पटवा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा नागरिकों द्वारा एक साथ योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाना जरूरी है। यह हमारे स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन के लिए अति उत्तम है। मन, मस्तिष्क और शरीर तीनों को स्वस्थ रखने में योग अद्वितीय है, भारत की इस अमूल्य धरोहर को विश्व में स्थान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से आज 'योग' पूरे विश्व में लोगों की जीवन शैली बन चुका है। भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिये योग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर प्रतिदिन नियमित रूप से योग करने से मानसिक तनाव से मुक्त रहने के साथ-साथ व्यक्ति निरोगी भी रहता है।

## लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा छिंदवाड़ा की बैठक

छिंदवाडा। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी भवन मोहन नगर छिंदवाड़ा मे रविवार को लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा छिंदवाड़ा की एक साधारण सभा की बैठक बुलाई गई जिसमें नवनियुक्त जिला अध्यक्ष किशोर सांवले द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त कर्मचारियों से विचार विमर्श एवं सहमति से नई जिला कार्यकारिणी एवं विभिन्न प्रकोष्ठों ब्लॉक तहसील अध्यक्षों की भी नियुक्ति की



गई। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया एवं कुछ प्रस्ताव प्रधान कार्यालय भोपाल भेजने के लिए सहमति बनी जिसमें मुख्य रूप से रसोईया बहनों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के समान ड्रेस उपलब्ध करवाना। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के समान रसोईया बहनों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करनाचतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु को भी बढ़कर 65 वर्ष करने पर सहमति बनी जिसका प्रस्ताव बनाकर प्रधान कार्यालय भोपाल भेजना निश्चित किया गया आगामी समय में तहसील और ब्लॉकों में भी बैठक कर रिक्त पदों को पूर्ण करने का निर्णय लिया गया बैठक में मुख्य रूप से संघ के संरक्षक बालराम परतेती मार्गदर्शक नारायण ढकने सलाहकार काशीराम शुक्ला जी संभागीय निरीक्षण समिति अध्यक्ष दीपक सावनेरे आदिबड़ी संख्या में उपस्थित रही।

# छिंदवाड़ा में डिप्थीरिया से दो बच्चों की मौत, वैक्सीनेशन की कमी बनी वजह



छिंदवाड़ा। वैक्सीनेशन की कमी बनी डिप्थीरिया से दो मासूमों की मौत की वजह, एक ही परिवार के छह बच्चे संक्रमित छिंदवाड़ा जिले के तामिया क्षेत्र से डिप्थीरिया जैसी लुप्तप्राय बीमारी का चिंताजनक मामला सामने आया है। गजरीढाना गांव के एक ही परिवार के छह बच्चे डिप्थीरिया (जिसे स्थानीय भाषा में गला घोटू भी कहा जाता है) से संक्रमित पाए गए हैं। इनमें से दो बच्चों की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है।वैक्सीनेशन न होने की वजह से बीमारी ने पकड़ा बच्चों कोस्वास्थ्य विभाग की शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि प्रभावित बच्चों का नियमित टीकाकरण नहीं हुआ था।

डॉक्टरों के अनुसार डिप्थीरिया अब दुर्लभ बीमारी मानी जाती है और यह मामला वैक्सीनेशन की कमी के चलते सामने आया है। अगर समय पर बच्चों को आवश्यक टीके लगवाए जाते, तो इस त्रासदी से बचा जा सकता था।प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल किया गया रेफरतामिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चार बच्चों को गंभीर हालत में लाया गया था, जहां से उन्हें तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया। जांच के बाद चिकित्सकों ने डिप्थीरिया की पुष्टि की और इलाज शुरू किया गया। दुर्भाग्यवश, दो बच्चों को बचाया नहीं जा सका।

### सांसद विवेक बंटी साहू पहुंचे अस्पताल

घटना की जानकारी मिलने पर छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू जिला अस्पताल पहुंचे और बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सतर्कता बढ़ाने और वैक्सीनेशन अभियान को और सशक्त करने के निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य विभाग की अपील: समय पर कराएं बच्चों का टीकाकरण

डॉक्टरों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को समय पर टीकाकरण जरूर कराएं। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे बृहद वैक्सीनेशन अभियान की बदौलत देशभर में कई गंभीर बीमारियां लगभग खत्म हो चुकी हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के चलते ऐसे मामले सामने आना दुर्भाग्यपूर्ण है। महत्वपूर्ण जानकारी डिप्थीरिया एक गंभीर संक्रामक बीमारी है जो गले और श्वसन तंत्र को प्रभावित करती है। समय पर टीकाकरण से इस बीमारी को पूरी तरह रोका जा सकता है।

### सकरिया में पुलिया निर्माण मे किया गया भ्रष्टाचार

# उपयंत्री एवं सचिव की मिलीभगत के लग रहे आरोप

शहडोल(सांध्य प्रकाश)। विकास कार्यों को लेकर सरकार द्वारा तमाम निर्धारित मापदंडो के आधार पर किसी भी निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाना ग्राम सचिव से लेकर उपयंत्री की जवाबदेही है। ऐसे मे जनपद गोहपारू आधीन ग्राम पंचायत सकरिया मे लाखो की लागत से विधायक निधि से निर्मित पुलिया सवालों के घेरे मे है।

**निर्धारित मानको के विपरीत सामग्री का उपयोग:** जानकारों के अनुसार पुलिया निर्माण कार्यों के एबड़मेन्ट मे 10 एवं 12 एम एम की सरिया को यू आकर मे ढालकर निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाना चाहिए,लेकिन ऐसा न होकर सकरिया मे पुलिया निर्माण कार्य मे नियमो के विपरीत निर्माण कार्य कराया गया है। ग्रामीणों की माने तो उक्त निर्माण कार्य मे केवल 10 एम एम की सरिया का उपयोग किया गया है। निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों का आरोप है की नियमो के विरुद्ध कार्य कराये जाने से उक्त निर्माण कार्य अपने तय समय सीमा से पहले अस्तित्वविहीन हो जाने की संभावना है।

**स्लैब ढलाई मे बरती गयी लापरवाही :** ग्रामीणों के अनुसार पुलिया निर्माण कार्य मे स्लैब ढलाई के दौरान मानक को दरकिनार कर 10 एम एम की सरिया का उपयोग किया गया है। ऐसे मे उक्त निर्माण कार्य मे भारी वाहनों के आवागमन से पुलिया ध्वस्त होने की आशंका ग्रामीणों ने जताई है।

**साइट विहीन हुआ निर्माण कार्य:** जानकारों की माने तो जिस स्थान पर पुलिया निर्माण कार्य कराया गया है उक्त स्थान पर पानी बहने के लिए ढोला डालकर भी निर्माण कार्य कराया जा सकता था बावजूद जिम्मेदार उपयंत्री द्वारा शाशन के पैसो का नुकसान करते हुए साइट विहीन निर्माण कार्य कराया गया है। वही कराए गये निर्माण कार्य मे भी घोर लापरवाही बरती गयी है।

गौरतलब है एक निर्माण कार्य मे इस तरह से तमाम विसंगतियों का सामने आना जिम्मेदारो की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। क्षेत्र के उपयंत्री सुभाष प्रसाद के आधीन एक पंचायत के निर्माण कार्य मे जब इतनी अनिमित्ताए सामने आ रही है तो अन्य ग्राम पंचायतो मे किस कदर भ्रष्टाचार किया गया होगा ऐसे तमाम सवाल आज जनचर्चा का प्रमुख विषय बने हुए है। मामले को लेकर क्षेत्र के जागरूक एवं प्रबुद्धजनों ने उपयंत्री सुभाष प्रसाद के कार्यकाल मे निर्मित तमाम विकास कार्यों की सूक्ष्मता से जांच कराए जाने और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्यवाही करते हुए शाशन के पैसो के नुकसान की भरपाई उपयंत्री एवं सचिव से कराए जाने की मांग की गयी है।

### इनका कहना है

मै अभी भोपाल जा रहा हूँ आपने जानकारी दी है, मै तत्काल इसको दिखवाता हूँ।

**प्रशांत लगरखा , सहायक यंत्री**
**जनपद पंचायत गोहपारू जिला शहडोल**

# सिंधिया ने लिया बड़ा निर्णय मोबाइल पर अमिताभ बच्चन की आवाज बंद



**भोपाल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता ने हाल ही में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को इंदौर प्रवास के दौरान एक ज्ञापन सौंपा था। इस ज्ञापन में उन्होंने मोबाइल कॉल्स के दौरान बजने वाली कॉलर ट्यून को हटाने की मांग की थी। उनका कहना था कि कॉलर ट्यून न केवल आपात स्थिति में मोबाइल उपयोग को मुश्किल बनाती है, बल्कि नेटवर्क की गुणवत्ता पर भी असर डालती है। गुप्ता ने यह भी कहा था कि कॉलर ट्यून के चलते कई बार जरूरी कॉल्स कनेक्ट नहीं हो पाते या कॉल ड्रॉप की समस्या आती है। खासकर तब, जब किसी व्यक्ति को तात्कालिक सहायता की आवश्यकता हो, ऐसे में कॉलर ट्यून बाधा बन जाती है। उन्होंने सुझाव दिया था कि जन जागरूकता के लिए दूसरे माध्यमों का उपयोग अधिक कारगर रहेगा। सोमवार, 23 जून की सुबह करीब 11 बजे सुदर्शन गुप्ता को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का व्यक्तिगत फोन कॉल प्राप्त हुआ। सिंधिया जी ने बताया कि दूरसंचार विभाग की हालिया बैठक में कॉलर ट्यून से संबंधित मुद्दे पर गंभीरता से विचार किया गया है और जल्द ही वर्तमान कॉलर ट्यून को बंद किया जाएगा। संचार मंत्रालय ने तय किया है कि अब कॉलर ट्यून के बजाय मोबाइल तुरंत कनेक्ट होंगे, जिससे ड्रॉप या नेटवर्क बाधा की समस्या कम होगी। जनजागरण अभियानों को कुछ समय के लिए रोकने का निर्णय लिया गया है ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिल सकें। गुप्ता ने इस निर्णय पर खुशी जताते हुए कहा कि यह कदम जनता की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संचार मंत्री सिंधिया जैसे नेता जनभावनाओं को गंभीरता से लेते हैं और यही लोकतंत्र की असली शक्ति है। गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति आभार जताया और कहा कि यह निर्णय आम लोगों की तकलीफ को समझते हुए लिया गया है। उन्होंने इसे भारतीय जनता पार्टी की जनसेवा की भावना का उदाहरण बताया।

## आपातकाल नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया



**भोपाल।** महापौर मालती राय ने यातायात पार्क के पास ज़ोन-07 स्थित नगर निगम मुख्य आपातकाल नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा, आपात स्थितियों में त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए इस कंट्रोल रूम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। निरीक्षण के दौरान सुविधाओं, उपकरणों और कार्यप्रणाली की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को मुख्यमंत्री ने किया नमन







**भोपाल।** शाहजहाँनाबाद स्थित गोल घर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा महापौर मालती राय एवं विधायक भगवानदास सबनानी ने

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72 वे बलिदान दिवस पर 72 छाते बांटे

उन्हे नमन किया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता को छाता वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को रद्द करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी की दूरदर्शिता और संघर्ष को आज भी याद किया जाता है। कार्यक्रम में महेश मकवाना, कार्यक्रम अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर,सुनील सराठे, यतिन मकवाना, राजा शर्मा, मुकेश सोलंकी , दीपचंद् तिवारी, संदीप कल्याने, सुकांति ठाकुरिया, सौरभ सिरोलिया, प्रभात मालवीय सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता उपस्थित थीं। सभी ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान को याद किया और उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

### आज से 30 जून तक ऑनलाइन हाजिरी का परीक्षण होगा

# सरकारी स्कूल के गुरुजी अब गायब नहीं हो सकेंगे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के स्कूल से गायब रहने की लगातार हो रही शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने इस वर्ष ऑनलाइन अटेंडेंस की व्यवस्था बनाई है। जिसका ट्रायल आज से शुरू किया जाएगा। ऐसे में सरकारी स्कूलों से अब गुरुजी गायब नहीं रह पाएंगे। उनको कक्षाओं में पढ़ाना ही होगा, तभी उनकी हाजिरी लगेगी।

नवीन पोर्टल पर शिक्षक विद्यालयों में पहुंचकर एक घंटे के अंतराल में ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज करेंगे। अटेंडेंस का यह नियम 1 जुलाई से लागू कर दिया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर जब छुट्टी होगी तब आधा घंटा पूर्व या बाद में ई-उपस्थिति लगेगी। निर्धारित समय सीमा के पश्चात उपस्थिति दर्ज करने पर आधे दिन का आकस्मिक अवकाश दर्ज किया जाएगा। पोर्टल 3.0 पर हमारे शिक्षक ई गवर्नेस प्लेटफार्म के अंतर्गत 23 से 30 जून तक ट्रायल किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग इस नई व्यवस्था का ट्रायल उन क्षेत्रों में शुरू कर रहा है, जहां इंटरनेट की समस्याएं बताई जा रही थी। यहां पर प्रयोग के तौर पर ऑनलाइन अटेंडेंस का काम प्रारंभ किया गया है। यहां पर यह देखा जा रहा है कि इंटरनेट कितना सहयोग कर रहा है। क्या तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं। इन समस्याओं को सुधारने के लिए डिपार्टमेंट टेक्नीकल एक्सपर्ट की मदद ले रहा है।



### पहले भी किया गया था ऐसा ही प्रयास

दअरसल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की अटेंडेंस को लेकर सवाल खड़े होते रहते हैं। पिछले दिनों सागर, नर्मदापुरम सहित कई जिलों में ऐसे शिक्षक पकड़े गए, जो अपनी जगह पर दूसरों से पढ़ाई करवा रहे थे। वहीं कुछ शिक्षक स्कूलों के निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से 2017, 2020 और 2022 में आनलाइन उपस्थिति शिक्षा मित्र एप के जरिए शुरू की गई थी, लेकिन शिक्षकों ने इस प्रक्रिया का विरोध किया। कभी स्मार्ट फोन तो कभी नेटवर्क का बहाना बनाकर ऑनलाइन उपस्थिति की प्रक्रिया ठीक से लागू नहीं हो पाई।

### ऐसे दर्ज करनी होगी अटेंडेंस

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बनाए गए पोर्टल पर शिक्षक विद्यालयों में पहुंचकर एक घंटे के अंतराल में ऑनलाइन अटेंडेंस दर्ज करेंगे। जब छुट्टी होगी तब आधा घंटा पूर्व या बाद में ई-उपस्थिति लगेगी। निर्धारित समय सीमा के पश्चात उपस्थिति दर्ज करने पर आधे दिन का आकस्मिक अवकाश दर्ज किया जाएगा। जिसका शिक्षकों का देय 13 आकस्मिक अवकाश एवं 3 एच्छिक अवकाश से समायोजन किया जाएगा। समायोजन के पश्चात अवकाश अवधि को संगणित किया जाएगा। शिक्षक प्रणाली के माध्यम से ई-उपस्थिति दर्ज होगी। इस नवीन व्यवस्था में सेवकों के स्वत्वों संबंधित आवेदन प्लेटफार्म के माध्यम से प्रस्तुत करने की सुविधा होगी। अवकाश स्वीकृति, लेखों का संधारण, वेतन वृद्धि लाभ और पेंशन स्वत्व भुगतान संबंधी पूरा रिकॉर्ड रहेगा।

# एम्स में दुर्लभ ब्लड ग्रुप मरीज के हृदय के वॉल्व को बदलकर बचाई जान



**भोपाल।** एम्स भोपाल में कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग ने एक जटिल एवं दुर्लभ सर्जरी सफलतापूर्वक की। इस सर्जरी से सीहोर जिले के 44 वर्षीयई मरीज का उपचार किया गया जो पिछले 6 माह से सीने में दर्द और घबराहट की समस्या से पीड़ित थे। मरीज ने कई अस्पतालों में परामर्श लिया जहां जांच में पाया गया कि मरीज की छाती की महाधमनी में लगभग 8-10 सेमी का एओर्टिक एन्यूरिज्म (महाधमनी की सूजन) है जो धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा था एवं कभी भी फट सकता था। इसके अलावा मरीज का एओर्टिक वॉल्व (हृदय का वॉल्व) भी अत्यधिक लीक कर रहा था। इस बीमारी के इलाज के लिए मरीज को कृत्रिम महाधमनी एवं कृत्रिम एओर्टिक वॉल्व लगाने की आवश्यकता थी (बेंटॉल सर्जरी) जो कि एक अत्यधिक जटिल सर्जरी है। इसके साथ ही मरीज का रक्त समूह अत्यंत दुर्लभ बी-नेगेटिव था जिस कारण यह सर्जिकल प्रक्रिया और भी अधिक चुनौतीपूर्ण थी।

**कई अस्पतालों में इलाज करवा चुके थे:** कई अस्पतालों में जांच और इलाज करने के बाद भी मरीज को राहत नहीं मिली तब वे एम्स भोपाल के सीटीवीएस विभाग में पहुंचे। विभाग की विशेषज्ञ टीम द्वारा विस्तृत परीक्षण के बाद सर्जरी का निर्णय लिया गया। इस सर्जरी में सूजन ग्रस्त महाधमनी एवं लीक हो रहे एओर्टिक वॉल्व को सफलतापूर्वक हटाकर कृत्रिम महाधमनी एवं कृत्रिम वॉल्व (बेंटॉल प्रोसीजर) से बदला गया। सर्जरी के पश्चात मरीज को आईसीयू में स्थानांतरित किया गया जहां उसके स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हुआ।

**ब्लड चढ़ाने की नहीं पड़ी आवश्यकता:** इस अत्यंत जटिल सर्जरी के दौरान रक्त समूह की दुर्लभता के बावजूद भी मरीज को रक्त चढ़ाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। जो विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम की उच्च सर्जिकल दक्षता, समन्वय और समर्पण को दर्शाता है। इस उच्च जोखिम वाली सर्जरी को सफलतापूर्वक संपन्न करने वाली टीम में डॉ. योगेश के. निवारिया, डॉ. एम. किशन, डॉ. सुरेंद्र सिंह यादव, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ. विक्रम वट्टी एवं डॉ. आदित्य सिरोही सम्मिलित थे।

**मरीजों को ऐसी सर्जरी के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता था:** एम्स के डायरेक्टर डॉ.अजय सिंह ने कहा, यह मामला एम्स भोपाल की क्लीनिकल एक्सीलेंस का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# सीजन में पहली बार प्रदेश में 4 जिलों में रेड अलर्ट, 17 जिलों में आज होगी भारी बारिश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बारिश का सिलसिला तेज हो गया है। उत्तरी मध्य प्रदेश में कई क्षेत्रों में भारी बारिश भी हो रही है। सोमवार को उज्जैन में रेड, इंदौर-देवास में ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विभाग ने इस सीजन में पहली बार उज्जैन समेत 4 जिलों में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। अगले 4 दिन तक बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। रविवार को पूरे प्रदेश में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, उज्जैन, शाजापुर, आगर-मालवा और राजगढ़ में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट है। यहां 24 घंटे में 8 इंच से ज्यादा पानी गिर सकता है। नीमच, मंदसौर, इंदौर और देवास में ऑरेंज अलर्ट है। ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, रतलाम, सीहोर, नर्मदापुरम, विदिशा और सागर में भी भारी बारिश की संभावना है। भोपाल समेत अन्य जिलों में भी आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा।



### टीकमगढ़ में 2 इंच बारिश हुई

रविवार को भी प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार, टीकमगढ़ में 2 इंच बारिश हुई। मंडला में डेढ़ इंच, नर्मदापुरम में 1.4, ग्वालियर में 1 इंच, भोपाल-रायसेन में पौन इंच बारिश दर्ज की गई। बालाघाट के मलाजखंड में आधा इंच से ज्यादा पानी गिरा। वहीं, रतलाम, पचमढ़ी में आधा इंच बारिश हुई। बैतूल, धार, इंदौर, शिवपुरी, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, खजुराहो, निवाड़ी, सागर, सिवनी, उमरिया समेत कई जिलों में आंधी-बारिश का दौर जारी रहा।

### मध्य प्रदेश में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव

प्रदेश के ऊपर से एक लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) गुजर रहा है। वहीं, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ की एक्टिविटी भी है। ये सिस्टम काफी स्ट्रॉन्ग है। इस वजह से अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट है। अगले चार दिन तक भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, सागर, जबलपुर, शहडोल, नर्मदापुरम और रीवा संभाग में तेज बारिश का दौर जारी रहेगा।

### प्रदेश में अगले 4 दिन तक मौसम बदला-बदला रहेगा

23 जून: उज्जैन, शाजापुर, आगर-मालवा और राजगढ़ में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट है। यहां 24 घंटे में 8 इंच से ज्यादा पानी गिर सकता है। नीमच, मंदसौर, इंदौर और देवास में ऑरेंज अलर्ट है। ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, रतलाम, सीहोर, नर्मदापुरम, विदिशा और सागर में भी भारी बारिश की संभावना है। भोपाल समेत अन्य जिलों में भी आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा।

## सयाजी होटल की फर्जी वेबसाइट से बुकिंग की ग्राहक से रूम चेंजिंग के नाम पर 28 हजार ठगे!

**इंदौर।** ठग लगातार नए तरीकों से वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इसी क्रम में ठग ने सयाजी होटल की फर्जी वेबसाइट बनाकर ग्राहक से रुम चेजिंग की बुकिंग कर 28 हजार रुपए



ऐंठ लिए। फरियादी ग्राहक विक्रम चौधरी ने सिक्योरिटी मैनेजर को बताया कि उसने अपने मालिक पंकज शाह के नाम से 3 जून को होटल में रूम चेंजिंग के लिए ईमेल किया था। लेकिन, उसे कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद विक्रम ने गूगल पर सयाजी होटल की वेबसाइट सर्च की, जहां उसे वेबसाइट मिली, जिसमें कॉन्टेक्ट नंबर भी दिया गया था। विक्रम ने उस नंबर पर कॉल किया, जहां कॉल रिसीव करने वाले ने खुद को अभिषेक शर्मा नाम से मैनेजर बताया। उसने कहा कि वह मेल भेजने की प्रक्रिया देख रहा है और 10-15 मिनट का समय मांगा। कुछ देर बाद अभिषेक ने कहा कि मेल में तकनीकी दिक्कत आ रही है, इसलिए जानकारी वाट्सएप पर भेजने को कहा। विक्रम के साथी मनीष ने वाट्सएप पर रूम से जुड़ी डिटेल भेजीं। इसके बाद अभिषेक ने वाट्सएप पर एक क्यूआर कोड भेजते हुए 10 हजार रुपए मांगे। कुछ देर बाद उसने दोबारा कॉल कर 18 हजार रुपए और मांगे और कहा कि बुकिंग कन्फर्म हो चुकी है।

**33 हजार मांगने पर शक हो गया:** इसके बाद आरोपी ने मालिक को कॉल कर 33 हजार रुपए और मांगे। मालिक ने जब होटल स्टाफ हीना से इस बारे में जानकारी ली, तो उन्होंने बताया कि पहले ही 28 हजार रुपए जमा हो चुके हैं, तो फिर दोबारा पैसे क्यों मांगे जा रहे हैं? इस पर शक हुआ और विक्रम चौधरी दोबारा होटल पहुंचे।

# वो 7 दिन की मासूमियत से राजा रघुवंशी केस की क्रूरता तक समाज, सिनेमा और बदलती सोच

वो 7 दिन (1983) एक ऐसी फिल्म है, जिसमें माया नाम की लड़की अपने प्रेमी प्रेम से बिछड़ जाती है और परिवार के दबाव में डॉ. आनंद से शादी कर लेती है। शादी के बाद, माया के जीवन में उसका पुराना प्रेमी लौट आता है, जिससे डॉ. आनंद को सच्चाई का पता चलता है।

डॉ. आनंद अपनी पत्नी की खुशी के लिए त्याग करने को तैयार हो जाते हैं और माया को उसके प्रेमी से मिलाने की कोशिश करते हैं, लेकिन माया अपने संस्कार, परिवार और शादी के बंधन को सबसे ऊपर रखती है और अपने पति को ही चुनती है। इस कहानी में त्याग, प्रेम, रिश्तों की मर्यादा और भारतीय संस्कृति की गहराई को खूबसूरती से दिखाया गया है। वो 7 दिनजैसी फिल्मों में रिश्तों की मासूमियत, त्याग और परिवार की मर्यादा को सबसे ऊपर रखा गया। माया



और डॉ. आनंद के किरदारों ने दिखाया कि सच्चा प्रेम सिर्फ पाने में नहीं, बल्कि त्याग और रिश्तों की मर्यादा निभाने में है। उस दौर के सिनेमा ने समाज को परिवार, संस्कार और आपसी समझ की अहमियत सिखाई। सिनेमा समाज का आईना है, लेकिन कई बार यह समाज को दिशा भी देता है-यही वजह है कि फिल्मों में दिखाए गए रिश्तों और मूल्यों का असर असल जिंदगी पर गहरा पड़ता है। समय के साथ सिनेमा और समाज दोनों में बदलाव आए। आज की फिल्मों और सीरियल्स में अफेयर, बार-बार की शादियां, धोखा और स्वार्थ आम हो गए हैं। आधुनिकता और वेस्टर्न कल्चर के असर से रिश्तों में संवेदनशीलता और स्थिरता कम होती जा रही है, जिससे विवाहेत्तर संबंध, तलाक, हिंसा, महिला सशक्तीकरण और एलजीबीटीक्यू+ जैसे मुद्दे आम हो गए हैं। हालांकि, इन विषयों के आने से समाज में जागरूकता बढ़ी है, लेकिन दूसरी तरफ रिश्तों की स्थिरता और गहराई कम होती जा रही है।

**संवाद कमजोर होते हैं तो मर्यादा टूट जाती है :** राजा रघुवंशी मर्डर केस इसका ताजा और दुखद उदाहरण है। सोनम ने परिवार की मर्जी के खिलाफ शादी की, रिश्तों में लगातार झगड़े होते रहे और आखिर में उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करवा दी।

### सोनम की ऐसी गलती, जिसने पूरी साजिश का पर्दाफाश किया



इंदौर। पति राजा रघुवंशी की हत्या की आरोपी सोनम रघुवंशी अभी भी हत्या से जुड़े कई राज अपने सीने में दबाए बैठी है। शिलांग पुलिस की पूछताछ में भी उसने कई अहम सवालों के सही जवाब नहीं दिए। सोनम ने अभी तक यह नहीं बताया कि उसके तीन मोबाइल फोन कहां हैं? यह भी पता चला कि कई दिन तक पुलिस को चकमा देने के बावजूद सोनम एक वाट्सएप वाली गलती से पुलिस के हत्थे चढ़ी थी। जब राजा और सोनम रघुवंशी हनीमून पर गए, तब उनके पास चार मोबाइल फोन थे। सोनम ने राजा का मोबाइल तोड़कर उसे फेंक दिया था। जबकि, सोनम के साथ रहे तीन मोबाइल फोन अभी तक हाथ नहीं आए। पुलिस इनको अभी भी खोज रही है। हत्या के बाद शिलांग से भागी सोनम ने कुछ ऐसी गलती की जिससे पुलिस उसका पता लगाने में कामयाब रही।